**सुविचार**
जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 05 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 200 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


08
आलिया भट्ट ने दीपिका पादुकोण ...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 62,622.24 |
| निफ्टी | : | 18,534.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,740 |
| चांदी | : | 76.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# मोदी सरनेम केस : सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत, सजा पर रोक, बहाल होगी सांसदी

## अदालत ने राहुल को अधिकतम सजा सुनाये जाने पर भी उठाये सवाल, कांग्रेस गदगद

**AGENCY NEW DELHI :** राहुल गांधी को मोदी सरनेम मानहानि केस में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को सुनायी गयी सजा और दोषसिद्धि पर रोक लगा दी है। कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए शुक्रवार का दिन बड़ा शुभ समाचार लेकर आया। मोदी सरनेम मानहानि केस में सूरत की निचली अदालत ने राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए सजा सजा सुनाई थी। इसे सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल रोक दिया है। कांग्रेस इस फैसले को केंद्र की मोदी सरकार लगा बड़ा झटका बता रही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने के बाद कांग्रेस ने बीजेपी पर जबरदस्त हमला बोला है। सूरत कोर्ट के इस फैसले के बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता चली गयी थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में राहुल गांधी को दोषी ठहराये जाने के साथ ही सुनाई गयी सजा पर भी रोक लगा दी है।



**सुनवाई पूरी होने तक दोषसिद्धि पर रोक :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब तक राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक दोषसिद्धि पर रोक रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को अधिकतम सजा सुनाये जाने पर भी सवाल उठाये हैं। सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी और विपक्षी गठबंधन के लिए भी कई मायनों में अहम माना जा रहा है। कांग्रेस इसे न्याय की जीत बता रही है। इसे केंद्र के मुंह तमाचा बता रही है।

**बड़ा सवाल : क्या बहाल होगी राहुल की संसद सदस्यता :** राहुल गांधी को सूरत की निचली अदालत से दो साल की सजा सुनाये जाने के बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया था। लोकसभा सचिवालय ने आदेश जारीक र दो साल की सजा सुनाये जाने के ग्राउंड पर राहुल गांधी को संसद की सदस्यता समाप्त कर दिया था। राहुल केरल की वायनाड लोकसभा सीट से संसद सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थी। सुप्रीम कोर्ट ने दोषसिद्धि पर रोक लगाये जाने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या राहुल फिर संसद में लौटेंगे। क्या सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के साथ ही राहुल गांधी के लिए संसद के दरवाजे कानूनन खुल जायेंगे। कांग्रेस पार्टी के नेताओं का दावा है कि अब राहुल की लोकसभा सदस्यता बहाल होने का रास्ता साफ हो गया है। राहुल को संसद की सदस्यता के अयोग्य करार दिये जाने के बाद अगर वायनाड सीट पर उपचुनाव हो गये होते तब उनकी सदस्यता बहाल नहीं हो पाती। वायनाड में अभी तक उपचुनाव नहीं हुए हैं। ऐसे में उनकी संसद सदस्यता बहाल हो सकती है।


राहुल गांधी की फाईल फोटो।

### संसदी बहाली की क्या है प्रक्रिया

अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन मिश्र की माने तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राहुल गांधी को अब लोकसभा सचिवालय का रुख करना होगा। राहुल गांधी को लोकसभा सचिवालय में प्रतिवेदन देना होगा। इस प्रतिवेदन में सुप्रीम कोर्ट के आज के आदेश का उल्लेख कर लोकसभा सदस्यता बहाल करने का अनुरोध करना होगा। इसके बाद लोकसभा सचिवालय के अधिकारी आदेश का अध्ययन करेंगे। फिर सदस्यता बहाल करने पर निर्णय होगा। सदस्यता बहाली के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं है।

**सदस्यता बहाली के लिए स्पीकर से मिले अधीर :** लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के तत्काल बाद स्पीकर से मुलाकात कर संसद सदस्यता बहाल करने की मांग की। अधीर ने उम्मीद जतायी कि स्पीकर राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने का फैसला जल्द लेंगे। कहा कि जिस प्रकार संसद में आनन-फानन में राहुंल गांधी की संसद समस्यता रद्द की गयी। अब देखना है कि केंद्र की मोदी सरकार उसी तेजी के साथ सदस्यता बहाल करती है या नहीं।

**संसद सदस्यता बहाल होने पर फिर मिल जायेगा घर :** राहुल गांधी को संसद की सदस्यता समाप्त होने के बाद दिल्ली में अपना आवास भी खाली करना पड़ा था। राहुल गांधी के घर खाली करते समय कांग्रेस नेताओं ने मेरा घर राहुल गांधी का घर मुहिम छेड़ दी थी। अगर संसद सदस्यता बहाल हो जाती है तो राहुल गांधी को दिल्ली में फिर से घर सकता है। हालांकि पुराना आवास मिलेगा या नहीं यह देखना भी बेहद दिलचस्प होगा।

## BRIEF NEWS

### कुलगाम और पुलवामा में पांच स्थानों पर एनआईए की छापेमारी जारी

**SRINAGAR :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार सुबह आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कुलगाम और पुलवामा में पांच अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम ने पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से कुलगाम और पुलवामा में 5 अलग-अलग जगहों पर शुक्रवार सुबह छापेमारी शुरू की जो अभी भी जारी है। इस दौरान मुठभेड़ में मारे गए हिज्ब कमांडर उमर गनी के कुलगाम स्थित घर पर भी छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवाद मामले आरसी 5/2022 के संबंध में यह छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह मामला भौतिक और साइबर स्पेस दोनों में एक साजिश रचने और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों द्वारा जम्मू-कश्मीर में चिपचिपे बम, आईईडी और छोटे हथियारों के साथ हिंसक आतंकवादी हमले करने की योजना से संबंधित है।

### केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ कल प्रदर्शन करेगी तृणमूल कांग्रेस

**KOLKATA :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नबन्ना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि कई लोग गलती से कहते हैं कि राज्य सरकार का कर्ज का बोझ 7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह सब बकवास है। केन्द्र सरकार कभी भी अपने ऋण के बढ़ने की बात नहीं कहते। इतनी सारी विकास परियोजनाओं को लागू करने के बावजूद, हमने अपना कर्ज का बोझ कम कर लिया है, लेकिन वे हमें कभी जवाब नहीं देते। ममता बनर्जी ने बताया कि 6 अगस्त को केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ दोपहर बारह बजे से शाम चार बजे तक पूरे बंगाल में विरोध प्रदर्शन होगा, जिसमें ब्लॉक स्तर से लेकर शहर मे वार्ड स्तर पर विरोध होगा। ये केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ एक राजनीतिक निर्णय और विरोध होगा। गौरतलब है कि अभिषेक बनर्जी 21 जुलाई को कहा था कि भाजपा नेताओं का घर का घेराव किया जाएगा। जिस कार्यक्रम को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। ऐसे में अब तृणमूल 6 अगस्त को केन्द्र की नीतियों खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

# ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे जारी रहेगा, SC का रोक से इंकार

## मुस्लिम पक्ष को झटका, वाराणसी में सुरक्षा कड़ी

**AGENCY VARANASI :** ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे की प्रक्रिया शुक्रवार को समय पूरा होने के बाद रोक दी गई। शनिवार सुबह सात बजे से सर्वे फिर शुरू किया जाएगा। सर्वे के कारण विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर चौकसी बरती जा रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज करते हुए एसएसआई सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

इस मामले में एएसआई सर्वे रिपोर्ट चार अगस्त को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में पेश करना था। लेकिन, मामला कोर्ट के पेंच में फंस गया। इसलिए शुक्रवार को हुई सुनवाई में एएसआई ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह की मोहलत मांगी। कोर्ट में पेश हुए एएसआई के अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव ने कहा कि जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने ज्ञानवापी की मौजूदा संरचना को नुकसान पहुंचाए बगैर एएसआई को सर्वे का आदेश देकर चार अगस्त तक रिपोर्ट देने को कहा था।

ज्ञानवापी मामले पर सुप्रीम कोर्ट में भी मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को सही नहीं माना और उसे खारिज कर दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले में एएसआई सर्वे जारी रखने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एएसआई ने स्पष्ट किया है कि पूरा सर्वेक्षण बिना किसी खुदाई और संरचना को कोई नुकसान पहुंचाए बिना पूरा किया जाएगा।

ज्ञानवापी मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। इस दौरान मुस्लिम पक्ष के एएसआई सर्वे पर रोक लगाने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि इससे क्या दिक्कत है? सर्वे से ऐसी क्या हानि हो जाएगी, जो ठीक नहीं हो सके। वहीं मुस्लिम पक्षने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ का मामले में बयान सही नहीं है। मुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री को किसी के पक्ष में नहीं बोलना चाहिए।

एएसआई ने शुक्रवार को ज्ञानवापी में चल रहे सर्वे के पहले दिन का काम पूरा कर लिया। डाक्यूमेंटेशन के बाद टीम बाहर आ गई। करीब चार घंटे तक सर्वे किया गया। पहले दिन के सर्वे में एएसआई की टीम ने हिंदू धर्म चिह्नों को इकट्ठा करके एक जगह एकत्रित किया। उनकी फोटोग्राफी और विडियोग्राफी कराई गई।

### तापसी मंडल ने लगाया आरोप, राशन दुकानों में बांटे जा रहे प्लास्टिक चावल

**KOLKATA :** हल्दिया से भाजपा की विधायक तापसी मंडल ने विधानसभा के प्रश्नोत्तर काल में राज्य सरकार की खाद्य वितरण प्रणाली पर सवाल खड़े किये। उनका कहना था कि राज्य की राशन दुकानों से प्लास्टिक के चावल का वितरण किया जा रहा है। इस चावल को खाने वाले लोग बीमार पड़ सकते हैं। सदन में सवाल-जवाब के दौरान ऐसे आरोप सुनकर विधायक भी हैरान रह गये। राज्य के खाद्य मंत्री रथिन घोष ने इस शिकायत पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि जिसे आप प्लास्टिक समझ रही हैं, असल में वह फोर्टिफाइड चावल हैं। 100 फीसदी राशन दुकानों से फोर्टिफाइड राइस का वितरण हो रहा है। ंत्री ने कहा केंद्र में आपकी सरकार है। केंद्र के निर्देश पर ही इस चावल का वितरण किया जा रहा है। ऐसे में आपको भी इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कई लोग ऐसे सवाल पूछते हैं।

# हटिया समेत झारखंड के 20 स्टेशन होंगे चकाचक

## कल प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शिलान्यास

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अगस्त को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरे देश में 506 रेलवे स्टेशनों के आधारभूत संरचना का उन्नयन संबंधी कार्यों का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इसके तहत झारखंड में भी राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन समेत राज्य के 20 रेलवे स्टेशनों का 886.70 करोड़ रुपये की राशि से इन स्टेशनों में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ यात्रियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होगा। इस योजना के तहत हटिया स्टेशन के उन्नयन के लिए सर्वाधिक 355 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हटिया के अलावा बोकारो स्टील सिटी में 33.5 करोड़, बड़काकाना रेलवे स्टेशन में 32.6 करोड़, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस-गोमो जंक्शन में 32.4 करोड़, घाटशिला स्टेशन में 31 करोड़, पारसनाथ स्टेशन में 30.4 करोड़, कोडरमा स्टेशन में 30.3 करोड़, राजखरसावां स्टेशन में 30 करोड़, डाल्टनगंज स्टेशन में 29.2 करोड़, साहिबगंज स्टेशन में 29 करोड़, हजारीबाग रोड स्टेशन में 28.1 करोड़, मनोहरपुर स्टेशन में 27 करोड़, पिस्का स्टेशन में 27 करोड़, कतरासगढ़ स्टेशन में 26.9 करोड़, चन्द्रपुरा स्टेशन में 26.5 करोड़, नगरऊंटारी स्टेशन में 26.3 करोड़, गढ़वा टाउन स्टेशन में 25.5 करोड़, लातेहार स्टेशन में 24.5 करोड़, गढ़वा रोड स्टेशन में 24.5 एवं कुमारडुबी रेलवे स्टेशन के लिए 17 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी गई है।

# नूंह हिंसा में अबतक 202 गिरफ्तार

## 120 एफआईआर दर्ज, पकड़े गये लोगों से हो रही पूछताछ

**AGENCY PUNJAB :** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि नूंह में पुलिस लगातार तैनात है और अब तक 102 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 202 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

गृहमंत्री विज ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 80 लोगों को हिरासत में लिया गया हैं। उन्होंने कहा कि निर्दोष को सजा न मिलें और दोषी न छूटे, इस सिद्धांत पर पुलिस कार्य कर रही है। इसलिए पुख्ता सबूत इकट्ठा करके इस पर कार्रवाई की जानी है और एक भी दोषी को छोडा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पकड़े गए लोगों से कानून के अनुसार पूछताछ की जा रही है, मिल रही जानकारियों कि अनुसार कार्रवाई की जा रही हैं।

विज ने बताया कि मौलवियों से भी बातचीत की गई है और मौलवियों ने आह्वान किया है कि घर पर ही नमाज पढी जाए, अगर वे ऐसा करते हैं, तो बहुत ही अच्छी बात है। सोशल मीडिया के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की निगरानी व स्कैनिंग के लिए गृह विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है, जो सोशल मीडिया को स्कैन करेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर उत्तेजनात्मक पोस्ट डालने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी गठन के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जहां-जहां पर जरूरत पड रही है, उस अनुसार दो से तीन पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों की एसआईटी बनाकर उन्हें जांच सौंपी हैं ताकि एक-एक मामले की हर एंगल से जांच हो सके।

### लंबित मामलों के समाधान में तेजी लाएं सशस्त्र बल न्यायाधिकरण : रक्षा मंत्री

**NEW DELHI :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण से लंबित मामलों का तेजी से समाधान करने का आह्वान किया है। साथ ही यह भी कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का बिना किसी उल्लंघन के ईमानदारी से पालन किया जाए। रक्षा मंत्री 4 अगस्त को नई दिल्ली में एएफटी स्थापना दिवस मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश भर की विभिन्न अदालतों में बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, लेकिन बोझ को कम करने के लिए विशेष न्यायाधिकरण स्थापित किए गए हैं।

# मणिपुर में फिर हिंसा, दो की मौत

## मृतकों में एक पुलिसकर्मी, कई स्थानों पर गोलीबारी

**AGENCY IMPHAL :** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को भी कई स्थानों पर गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं।

शुक्रवार को एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि गुरुवार को इंफाल पश्चिम इलाके में गोलीबारी हुई है। इस घटना में सिर में गोली लगने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि काउट्रुक, हारोथेल और सेंजाम चिरांग इलाकों में भी अराजकतत्वों और सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी में एक सुरक्षा गार्ड सहित दो लोग घायल हुए। इसी बीच, पास की पहाड़ी इलाकों में भी गोलीबारी में एक नागरिक की भी मौत हुई है। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के कांगवाई और फोगाकचाओ इलाकों में गुरुवार को झड़पें हुईं। इन झड़पों में कम से कम 19 लोग घायल हो गए।

उल्लेखनीय है कि 3 मई से राज्य में लगातार हिंसा हो रही है। शासन प्रशासन शांति बहाली के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। राज्य में इंटरनेट सेवाएं अभी निलंबित हैं। आए दिन अलग-अलग इलाकों में झड़पें हो रही हैं। सुरक्षा बल दिन-रात परिस्थिति को नियंत्रित करने के लिए जूझ रहे हैं।

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट जुटा तैयारी में, मोदी समेत विभिन्न नेताओं को दिया जायेगा निमंत्रण

# अयोध्या : राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 21 जनवरी से

**AGENCY AYODHYA :** अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अगले साल 21, 22 और 23 जनवरी की तारीख तय की है। ट्रस्ट के सदस्यों ने पूर्व में कहा था कि वे इस कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आधिकारिक निमंत्रण भेजेंगे।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया, राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह अगले साल जनवरी के तीसरे सप्ताह में होगा।

इसके लिए जनवरी की 21, 22 और 23 जनवरी की तारीखें तय की गयी हैं। उन्होंने बताया, हम इस समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करेंगे जिसमें प्रमुख साधु और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। राय ने कहा,मुख्य कार्यक्रम गैर-राजनीतिक होगा और विभिन्न राजनीतिक दलों के मेहमानों को भी आमंत्रित किया जाटेगा, बशर्ते वे आने का इरादा रखते हों। कार्यक्रम में कोई मंच नहीं होगा और न ही कोई सार्वजनिक बैठक आयोजित की जायेगी।



उन्होंने बताया कि ट्रस्ट इस समारोह में देश के 136 सनातन परंपराओं के 25 हजार से अधिक धर्मगुरुओं को आमंत्रित करने की योजना तैयार कर रहा है। कार्यक्रम में आमंत्रित किये जाने वाले संतों की सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही उन्हें ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तरफ से निमंत्रण पत्र भेजा जायेगा। ये 25 हजार संत 10 हजार विशिष्ट अतिथियों से अलग होंगे जो राम जन्मभूमि परिसर के अंदर अभिषेक समारोह में शामिल होंगे।

राय ने कहा, ट्रस्ट ने सभी प्रमुख संतों को अयोध्या के बड़े मठों में ठहराने की योजना बनाई है। सभी बड़े मठ और मंदिर आने वाले संतों और साधुओं को ठहरने की सुविधा देने पर सहमत हो गये हैं। लगभग एक महीने तक चलने वाले इस भव्य आयोजन के प्रबंधन को संभालने के लिए अयोध्या के विभिन्न संतों के कई समूह बनाये जायेंगे। मंदिर ट्रस्ट के न्यासी अनिल मिश्रा ने कहा,राम मंदिर के गर्भगृह का कार्य पूरा होने वाला है। अब जनवरी महीने में प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन की तैयारी जोरों पर चल रही हैं।

ट्रस्ट अयोध्या में राम जन्मभूमि के अभिषेक समारोह के लिए आने वाले भक्तों को लगभग एक महीने तक मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। राय ने बताया कि जनवरी में गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ट्रस्ट की ओर से एक महीने तक रोजाना 75 हजार से एक लाख भक्तों को भोजन कराया जायेगा। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच अगस्त 2020 में राम मंदिर का भूमि पूजन भी किया था।

### ब्राउन शुगर की डिलीवरी देने जा रहे युवक सहित दो गिरफ्तार

**CHATRA :** जिले के मयूरहंड पुलिस ने शुक्रवार को तेतरिया मोड़ के पास बाइक से ड्रग्स की डिलीवरी देने करमा जा रहे विनय कुमार दांदी को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की निशानदेही पर ब्राउन शुगर देने वाले एक अन्य आरोपित प्रभात कुमार दांगी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ढ़ोढ़ी से एक व्यक्ति ब्राउन शुगर लेकर निकलने वाला है। सूचना पर डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने तेतरिया मोड़ पर वाहन चेकिंग लगाया। इसी क्रम में ढ़ोढ़ी से बाईक आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर मौके से भागने लगा। पुलिस की टीम ने खदेड़कर उस युवक को पकड़ा।

# खूंटी में पीएलएफआई का कुख्यात उग्रवादी धराया

**PHOTON NEWS KHUNTI :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सक्रिय सदस्य निशान हुन्ना पूर्ति को पुलिस ने मुरहू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 8600 रुपये नकदी, तीन कारतूस, पीएलएफआई का चंदा रसीद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने शुक्रवार को कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का सक्रिय उग्रवादी मुरहू थाना क्षेत्र में लगने वाले हाट- बाजार से लेवी वसूल कर लेवी की रकम एरिया कमांडर टीरा बोदरा और राडुंग बोदरा उर्फ लंबू के पास पहुंचाने के लिए जिकिलता बंदगांव जाने वाला है।

सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए सीआरपीएफ 94 बटालियन, मुरहू थाना के पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल के साथ छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने मुरहू थाना क्षेत्र के कुदासूद से मुरूद जाने वाली सड़क पर चेकिंग अभियान के दौरान तीन मोटरसाइकिलों पर सवार व्यक्तियों में से एक को खदेड़ कर पकड़ लिया, जबकि अन्य भागने में सफल रहे।

**BRIEF NEWS**

### भाजपा सरकार कानून व्यवस्था में पूरी तरह फेल: करन माहरा



**DEHARADUN:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने एक बार फिर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए माहरा ने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार कानून व्यवस्था में पूरी तरह फेल हो गई है। इस सरकार के कार्यकाल में लगातार महिलाओं से संबंधित अपराध बढ़े हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने एक बार फिर अंकिता भंडारी प्रकरण को उठाया और कहा कि अंकिता हत्याकांड को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। भाजपा सरकार वीआईपी को बचाने का काम कर रही है। माहरा ने कहा कि बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार बेटियों को बचाने के लिए कुछ नहीं कर रही है।

### झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासियों का हो रहा अपमान : आजसू



**RAMGARH:** झारखंड में आदिवासी समाज के मुख्यमंत्री हैं। इसके बावजूद आदिवासियों को अपमान सहना पड़ रहा है। वादा खिलाफी की सरकार से आमजनता के संघर्ष की लड़ाई को मजबूती प्रदान करते हुए हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया है। यह बातें शुक्रवार को रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान आजसू के वरीय नेता रोशन लाल चौधरी ने कही। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि राज्य में अराजकता का माहौल है। कांग्रेस एवं जेएमएम में जरा भी राजनीतिक सुचिता बची है, तो अपने चुनावी एजेंडे की ओर एक बार देख ले। विधायक इरफान अंसारी ने आदिवासी समाज का अपमान किया है। इरफान अंसारी पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अविलंब गिरफ्तार करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पार्टी ने राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। इसमें पतरातू प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित करने, पिछले वित्तीय वर्ष में को धान की खरीदारी की गई है, किसानों को शीघ्र उसका भुगतान करने, विद्यार्थियों एवं युवाओं को निश्चित समय पर आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र लागू करने जैसी 25 मांगे शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू यादव, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, जीप उपाध्यक्ष रीता देवी, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, जीप सदस्य धनेश्वर महतो, जीप सदस्य भोला तुरी, जीप सदस्य तापेश्वर महतो, हजारीबाग जिला प्रधान सचिव कौलेश्वर गनझू, रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, हजारीबाग जिलाध्यक्ष विकास राणा, रामगढ़ जिला सचिव लालचंद महतो, नरेश महतो, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिरतम साहू उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री से भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ का प्रतिनिधिमंडल मिला

**RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि राज्य सरकार द्वारा स्थानीय जांच के आधार पर भूमिहीन डोम जाति का प्रमाण पत्र निर्गत कराया जाए। इस अवसर पर विधायक अनूप सिंह सहित प्रतिनिधिमंडल में पवन कुमार सातपुते, गौरीशंकर ग्रावकर, पुना कुमार, जागेश सुदर्शन, राजेश गिरानिया, रोशनलाल, प्रकाश राम, अशोक राम, कमलेश राम, राम पुकार राम, राजेश राम सुपन, पंकज कुमार आदर्श सहित अन्य मौजूद थे।

# राज्यपाल से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को रोकने की मांग


**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य प्रतियोगी परीक्षा विधेयक-2023 को रोकने की मांग की। इस दौरान भाजपा ने विधेयक के विरोध में राज्यपाल को एक पत्र सौंपा, जिसमें इस पर गंभीरता से विचार करते हुए राज्य सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। भाजपा ने राज्यपाल से अपील की है कि इस विधेयक की समीक्षा करें। इसके बाद ही निर्णय लें। भाजपा के पत्र में लिखा है कि



भाजपा भ्रष्टाचार और कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन की प्रबल पक्षधर है लेकिन इस विधेयक के जरिए राज्य सरकार झारखंड लोक सेवा आयोग, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जैसी संस्थाओं में प्रतियोगी युवाओं की आवाज को दबाकर मनमाने तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन कराना चाहती है। यह आशंका तब और प्रबल हो जाती है जब विगत दिनों जेपीएससी की 7वीं से 10वीं तक की सिविल सेवा परीक्षा और जेएसएससी की कनीय अभियंता परीक्षा में घोर धांधली उजागर हुई। पत्र में लिखा है कि प्रथम दृष्टया राज्य सरकार ने इस अनियमितता को सिरे से नकारा लेकिन युवाओं, अभ्यर्थियों के व्यापक विरोध एवं परीक्षा में हुई धांधली के पर्याप्त सबूत उजागर होने का ही परिणाम हुआ कि राज्य सरकार ने धांधली को स्वीकारा। यदि यह विरोध नहीं हुआ होता तो राज्य सरकार अनियमित बहाली करने में सफल हो जाती। विरोध का ही परिणाम हुआ कि जेएसएससी को कनीय अभियंता की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। भाजपा का मानना है कि राज्य सरकार अपनी इस प्रकार की त्रुटियों, धांधली, विफलताओं और सत्ता पोषित भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को दबाने के लिए उपर्युक्त विधेयक को पारित कराया है। इस विधेयक में अभिव्यक्ति की आजादी का स्पष्टतया उल्लंघन है। उदाहरण के तौर पर विधेयक की कंडिका 11 (2) में राज्य सरकार संबंधित परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों, उत्तर पत्रकों के संबंध में सवाल खड़ा करने वाले परीक्षार्थियों, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया और जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध बिना किसी प्रारंभिक जांच किए प्राथमिक दर्ज कराने और लोगों को बिना किसी वरीय पदाधिकारी के अनुमोदन के गिरफ्तार करने का प्रावधान किया है।

## झारखंड में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के लिए 149 करोड़ की स्वीकृति

**PHOTON NEWS RANCHI:** स्वास्थ्य विभाग के अधीन राज्य के विभिन्न अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों के इलाज और जांच के लिए दवा-मशीन की खरीदारी की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसकी आपूर्ति के लिए 149 करोड़ 82 लाख 28 हजार 480 रुपये की योजना की स्वीकृति दी गई है।



स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव और निदेशक प्रमुख राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। जिलों के सिविल सर्जन और विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी भी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

सभी स्तर के जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, अन्य स्वास्थ्य संस्थानों, वेयरहाउस, प्रयोगशालाओं, कार्यालयों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों (मेडिकल कॉलेज को छोड़कर) आवश्यक दवा मशीन उपकरण, सामग्री एवं आपूर्ति के मद में खर्च किया जाएगा।

# पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण और जातीय जनगणना विधेयक लाएगी सरकार : मंत्री

**राज्य सरकार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण विधेयक को राजभवन से लौटाकर त्रुटियों को करेगी दूर**



**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन सदन में संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण देने और जातिगत जनगणना कराने को लेकर वह गंभीर हैं। राज्य सरकार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक को राजभवन से लौटाकर त्रुटियों को दूर करेगी। फिर उसे विधानसभा में पारित करके राज्यपाल को भेजेगी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि झारखंड जातिगत जनगणना होनी चाहिए। सदन में इसे पारित कर केंद्र को भेजा जाएगा। यदि केंद्र इसे मंजूरी नहीं देता है, तो भी बिहार की तर्ज पर राज्य में इसे लागू करने पर विचार किया जाएगा। विधायक प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण सूचना के जरिये सरकार से पूछा था कि राज्य में पिछड़ों की आबादी 50 से 60 फीसदी है जबकि नौकरियों में उन्हें सिर्फ 14 फीसदी आरक्षण प्राप्त है। पिछड़ों का आरक्षण 27 फीसदी किया जाए और राज्य में जातिगत जनगणना भी कराई जाए।

इस पर संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने एसटी, एससी और ओबीसी को 77 फीसदी आरक्षण देने का विधेयक सदन से पारित करा कर राजभवन को भेजा था। यह अभी प्रक्रियाधीन है। इस पर विधायक ने जानना चाहा कि आखिर क्या चीज प्रक्रियाधीन है। तब मंत्री ने कहा कि राजभवन से बिल अभी नहीं लौटा है। सरकार राजभवन से बिल मंगवाकर फिर से पारित कराएगी।

**अपर्णा सेन गुप्ता ने बरवेंदिया में पुल निर्माण का मामला उठाया**

भाजपा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता सदन में धनबाद के निरसा स्थित बरवेंदिया में पुल निर्माण का मामला सदन में रखा। उन्होंने कहा कि 2022 में बरवेंदिया में नाव पलटने से 15 लोगों की मौत हो गई थी। यहां पुल बन जाए तो लोगों को सहूलियत होगी। यहां पुल बनना चाहिए। इसी दौरान कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने उन्हें बीच में टोक दिया। इसके बाद विरोध में भाजपा के कई विधायक वेल में आ गए। अपर्णा गैर सरकारी संकल्प के दौरान बोल रही थीं। इस दौरान भाजपा विधायक सभापति से भी नाराजगी व्यक्त कर रहे थे। वे कह रहे थे कि जब अपर्णा बोल रही थीं तो इरफान को बोलने देना पक्षपातपूर्ण है। इसपर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि ऐसी छोटी-मोटी बातों को तूल नहीं देना चाहिए।

## झारखंड विधानसभा से स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और झारखंड माल और सेवा कर विधेयक पास

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता ने सदन में झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक-2023 रखा, जो पास हो गया। प्रभारी वित्त मंत्री रामेश्वर झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2023 पेश किया। ये विधेयक भी सदन से पास हो गया। हालांकि, भाजपा विधायकों ने इसमें वाइस चांसलर मुख्यमंत्री को बनाए जाने पर का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इसमें राजभवन और सीएमओ में विवाद होगा और टकराव होगा। अमर बाउरी ने कहा कि यह राज्यपाल और संघीय व्यवस्था को ध्वस्त करने के लिए लाया जा रहा है। बन्ना



गुप्ता ने कहा कि हमलोग एडवांस प्लानिंग वाले लोग हैं। बिहार में एनडीए की सरकार में तीन स्वास्थ, खेल और तकनीकी विश्वविद्यालय बिल लाया गया, जिसका वाइस चांसलर मुख्यमंत्री को बनाया हुआ अजीब बात है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि यहां पर विरोध करते हैं और खुद नीति लाते हैं। हेल्थ साइंस के संसाधनों को राज्य में समृद्ध करने के उद्देश्य से यह विधेयक लाया गया है। यूनिवर्सिटी के जरिये राज्य में हेल्थ साइंस की पेशेवर शिक्षा को विकसित किया जाएगा। नर्सिंग, फामेर्सी, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, पारा मेडिकल समेत कई विषयों की पढ़ाई होगी। रिसर्च से जुड़े विषयों को सुविधाजनक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री इस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति होंगे। वे ही दीक्षांत समारोह और शासी निकाय की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। विश्वविद्यालय में कुलपति, डिपार्टमेंट के डीन, रजिस्ट्रार, वित्त पदाधिकारी और परीक्षा नियंत्रक समेत कई पदों का सृजन होगा। पहले कुलपति की नियुक्ति मुख्यमंत्री के द्वारा की जाएगी। 70 वर्ष से कम उम्र के ही व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किया जाएगा।

## सदन में भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने मांगी माफी

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम और छठवें दिन शुक्रवार को विधानसभा में गुरुवार को अपने व्यवहार के लिए विधायक शशिभूषण मेहता ने भी अपने शब्द वापस लिए। आलमगीर आलम ने सदन में मांग रखी, जिसमें कहा कि विधायक इरफान अंसारी के बयान के लिए संसदीय कार्य मंत्री ने भी माफी मांगी थी। आज भाजपा विधायक को भी अपने उस व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए, जिसमें वे वेल से होते हुए विधायक तक पहुंच गये थे। सदन की शुरूआत के साथ ही भाजपा ने अपना विरोध दर्ज कराया और विधेयक वापस लेने



की मांग की। सभा के अध्यक्ष ने विपक्ष से अपील सदन चलाने और चर्चा में शामिल होने की अपील की। विपक्ष लगातार इस मुद्दे को लेकर नारेबाजी करता रहा। हंगामे को देखते हुए अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कल भी सदन में विधायकों ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को काला कानून बताया था। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे काला कानून मानती है। इस कानून से कदाचार रुकेगा नहीं, बल्कि और बढ़ेगा। परीक्षा में कदाचार छात्र नहीं जेपीएससी और जेएससीसी कर रही है। नौकरी के लिए आवेदन निकालने के बाद यह लोग नियम बदलते हैं। बाबूलाल ने कहा कि भ्रष्टाचार में ये कैसे लिप्त है इसकी जानकारी आप सभी को हो। छात्रों न इसका विरोध किया सरकार नहीं मानी लेकिन बाद में पुख्ता सबूत मिले तो स्वीकार करना पड़ा। आज तक ओएमआर सीट जारी नहीं किया गया है। अभी जो जूनियर इंजीनियर की परीक्षा हुई उसमें भी गड़बड़ी हुई। इस वक्त जो कानून बना है उसमें कंडिका 11(2) में जो कहा गया है कि परीक्षा के संबंध में सवाल खड़े करने वाले छात्र और मीडिया

## आदिवासी मुख्यमंत्री और मंत्रीयो के रहते हुए भी हो रही जमीनो की लूट : लोबिन हेंब्रम

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रम ने गैर सरकारी संकल्प के जरिए एक बार फिर से अपनी सरकार को सदन में घेरा। उन्होंने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री और आदिवासी मंत्री रहते हुए भी झारखंड में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। जमीन बचाने के लिए सीएनटी और एसपीटी एक्ट रहने के बावजूद जमीन की लूट जारी है। लोबिन ने कहा, आदिवासी जमीन का नेचर बदलकर जमीन का अवैध कारोबार हो रहा है, आखिर यह राज्य क्यों बना है। विधायक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुसूचित क्षेत्रों में लागू कानूनों को सख्ती से लागू करवाने और जांच की मांग की। ढुल्लू महतो ने धनबाद में कोयला के अवैध माइनिंग का मामला उठाया सदन में विधायक ढुल्लू महतो ने गैर सरकारी संकल्प के दौरान धनबाद में कोयला के अवैध माइनिंग का मामला उठाया। उन्होंने विधानसभा कमेटी से जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर वहां अवैध माइनिंग नहीं हो रही होगी तो मैं राजनीति से सन्यास ले लूंगा। एक टास्क फोर्स के गठन पर विश्वास नहीं करता हूं। विधानसभा की कमेटी बनाकर वहां भेजा जाये। सरकार चाहे तो सत्ता पक्ष के ही विधायकों को कमेटी में रखा जाये। उन्होंने कहा कि जब भी मैं अवैध माइनिंग की बात उठाता हूं, मुझ पर केस कर दिया जाता है और जेल भेज दिया जाता है लेकिन मैं इससे डरने वाला नहीं हूं। मैं हमेशा इसके खिलाफ आवाज उठाता रहूंगा। अवैध कोयला माइनिंग के खिलाफ पुलिस के द्वारा केवल खानापूर्ति की जाती है और अफसरों की मिलीभगत से अवैध माइनिंग की जाती है। धनबाद के पंचायतों की जमीन पर अवैध माइनिंग हो रही है। वहां के स्थानीय लोगों को परेशान किया जा रहा है।

## सदन में भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने भी मांगी माफी

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम और छठवें दिन शुक्रवार को विधानसभा में गुरुवार को अपने व्यवहार के लिए विधायक शशिभूषण मेहता ने भी अपने शब्द वापस लिए। आलमगीर आलम ने सदन में मांग रखी, जिसमें कहा कि विधायक इरफान अंसारी के बयान के लिए संसदीय कार्य मंत्री ने भी माफी मांगी थी। आज भाजपा विधायक को भी अपने उस व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए, जिसमें वे वेल से होते हुए विधायक तक पहुंच गये थे। सदन की शुरूआत के साथ ही भाजपा ने अपना विरोध दर्ज कराया और विधेयक वापस लेने की मांग की। सभा के अध्यक्ष ने विपक्ष से अपील सदन चलाने



और चर्चा में शामिल होने की अपील की। विपक्ष लगातार इस मुद्दे को लेकर नारेबाजी करता रहा। हंगामे को देखते हुए अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कल भी सदन में विधायकों ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को काला कानून बताया था। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे काला कानून मानती है। इस कानून से कदाचार रुकेगा नहीं, बल्कि और बढ़ेगा। परीक्षा में कदाचार छात्र नहीं जेपीएससी और जेएससीसी कर रही है। नौकरी के लिए आवेदन निकालने के बाद यह लोग नियम बदलते हैं। बाबूलाल ने कहा कि भ्रष्टाचार में ये कैसे लिप्त है इसकी जानकारी आप सभी को हो। छात्रों न इसका विरोध किया सरकार नहीं मानी लेकिन बाद में पुख्ता सबूत मिले तो स्वीकार करना पड़ा। आज तक ओएमआर सीट जारी नहीं किया गया है। अभी जो जूनियर इंजीनियर की परीक्षा हुई उसमें भी गड़बड़ी हुई। इस वक्त जो कानून बना है उसमें कंडिका 11(2) में जो कहा गया है कि परीक्षा के संबंध में सवाल खड़े करने वाले छात्र और मीडिया संस्थान पर भी कार्रवाई की बात कही है।

## प्रदीप यादव ने झारखंड का केंद्र के पास 35 हजार करोड़ से अधिक बकाया धनराशि का मुद्दा उठाया

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को विधायक प्रदीप यादव ने सदन में सवाल उठाया कि राज्य सरकार का केंद्र के पास करीब 35000 करोड रुपये बकाया है। बार-बार यह राशि केंद्र से मांगी जा रही है लेकिन नहीं मिलने के कारण राज्य में विकास का काम बाधित है। उन्होंने पूछा कि सरकार बकाया राशि वसूली के लिए क्या कोशिश कर रही है, जो कोशिश हो रही है क्या वह काफी है। क्या सरकार ने पता लगाया है कि सिर्फ भाजपा शासित राज्यों का ही पैसा केंद्र रोक कर रखती है।

## रिम्स के मॉड्यूलर ओटी खरीदारी में गड़बड़ी की जल्द होगी जांच : स्वास्थ्य मंत्री

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को विधायक सरफराज अहमद ने सदन में सवाल उठाया कि रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में 12 मॉड्यूलर ओटी (ऑपरेशन थिएटर) की खरीदारी में गड़बड़ी हुई है। इसके कारण राजस्व को करीब 25 करोड़ का नुकसान हुआ है। इस मामले की विभागीय जांच के लिए तीन सितंबर, 2022 को एक जांच समिति का गठन किया गया था लेकिन जांच समिति की ना कोई रिपोर्ट आयी और ना ही इस पर कोई कार्रवाई हुई।

## सदन के बाहर लंबोदर और शिवपूजन का धरना

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता विधानसभा के मुख्य द्वार पर अपने कई मांगों को लेकर धरने पर बैठे। कुशवाहा पलामू जिले में अनियमित बिजली आपूर्ति में सुधार करने की मांग कर रहे थे। साथ ही उन्होंने पलामू को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने और बटाने डैम के गेट को दुरुस्त करने की मांग भी उठायी। आजसू विधायक लंबोदर महतो विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे। वे तख्ता लेकर कुर्मी और कुड़मी को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने की मांग कर रहे थे।

**मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित सौंपा ज्ञापन**



# मुख्यमंत्री से मिला झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ (बड़कागांव प्रखंड, जिला हजारीबाग) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के समस्त प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी सहिया दीदियों को मासिक प्रोत्साहन राशि के बदले वेतनमान, पेंशन का लाभ, सहियाओं के आकस्मिक मृत्यु होने पर 50 लाख रुपए आर्थिक सहयोग दिए जाने सहित अन्य मांगों पर विचार करे। मुख्यमंत्री ने झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ की दीदियों को उनके उचित मांगों पर यथोचित विचार करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर विधायक दशरथ गगराई, विधायक अम्बा प्रसाद, झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ की सहिया दीदी विमला कुमारी, सीमा देवी, सरस्वती देवी, सुषमा देवी, गीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

### रेलवे स्टेशन के पास स्थित कुएं से मिला युवक का शव

**RANCHI :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास स्थित कुएं से पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की शिनाख्त मोहम्मद तौसीफ अंसारी उर्फ बाबू के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद कुएं से युवक का शव निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदी था। गुरुवार रात कुएं में कूद गया था। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

**RANCHI :** पूनम देवी ने पति पवन साव ,ससुर चंद्रिका साव , सास मंजू देवी, देवर विकास कुमार और ननद आरती कुमारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में महिला ने पांचों के खिलाफ प्रताड़ित करने, दहेज मांगने एवं जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। पूनम देवी का विवाह तीन मई को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मोरहाबादी मंदिर में दोनों परिवार के सहमति से हुई थी। विवाह के एक माह तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा। इसके बाद परिवार के पांचों सदस्य गाली गलौज और दहेज को लेकर मारपीट करने लगे। साथी किरोसिन तेल डालकर जान से मारने की कोशिश की। विवाह के समय पूनम के पिता ने तीन लाख रुपये और घरेलू सामान दिया था। पूनम को ससुराल वालों ने बुलेट और दो लाख रुपये को लेकर आने को कहा और घर से निकाल दिया है। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने शुक्रवार को बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### प्रभाकर पांडेय को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत

**RANCHI :** एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को हथियार आपूर्तिकर्ता लालू उर्फ प्रभाकर पांडेय को पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। प्रभाकर पांडेय पर नक्सली संगठन और आपराधिक गिरोहों को हथियार और गोली आपूर्ति का आरोप है। झारखंड एटीएस ने छापेमारी कर बिहार के नवादा जिले से लालू पांडे उर्फ प्रभाकर पांडेय को गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इससे पूर्व एटीएस ने लालू उर्फ प्रभाकर का मेडिकल जांच कराया और कोर्ट में पेश किया। आरोपित पक्ष से अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप अदालत में मौजूद रहे।

### पांच डीएसपी का तबादला, बीएन सिंह बने बेरमो डीएसपी

**RANCHI :** पांच डीएसपी का तबादला किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार की देर शाम झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार लोहरदगा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित बीएन सिंह को बोकारो जिले के बेरमो का डीएसपी बनाया गया है। जबकि जैप -5 के डीएसपी के पद पर पदस्थापित सुमित प्रसाद को गिरिडीह जिले के डुमरी का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सीआइडी डीएसपी के पद पर पदस्थापित जय प्रकाश नारायण चौधरी को गोड्डा का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत सुदर्शन कुमार आस्तिक को एसीबी रांची का डीएसपी और एसीबी डीएसपी के पद पर पदस्थापित अरविंद कुमार सिंह को विशेष शाखा का डीएसपी बनाया गया है।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


# HIGH COURT : नगर निगम को फोर्थ ग्रेड कर्मियों की प्रोन्नति पर तीन सप्ताह में निर्णय लेने का निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका पर रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि वह तीन सप्ताह में इस पर निर्णय ले। सुनवाई के दौरान शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर निर्धारित की है।




इस दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नगर विकास विभाग ने 29 जुलाई, 2022 को एक निर्णय लिया था। इस निर्णय में नगर विकास विभाग ने कहा था कि चूंकि रांची नगर निगम के फोर्थ ग्रेड के कर्मियों के प्रमोशन के संबंध में रांची नगर निगम ने 10 दिसंबर, 2007 में ही अपने स्थापना समिति की बैठक में निर्णय ले लिया था। इसके बाद झारखंड म्युनिसिपल सर्विस कैडर रूल 2014 आई है। यह प्रमोशन का मामला उक्त नियमावली आने के पहले का है। इसलिए फोर्थ ग्रेड कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति के संबंध में निर्णय लेने के लिए रांची नगर निगम स्वयं जिम्मेदार है एवं सक्षम प्राधिकार है।

नगर विकास विभाग के निर्णय के आलोक में फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन के संदर्भ में रांची नगर निगम खुद ही फैसला ले सकती है। महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इस विषय को बार-बार नगर विकास विभाग के पास भेजने का कोई औचित्य नहीं है।

## हाईकोर्ट ने दिव्यांगों के आरक्षण पर सरकार एवं राज्य निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने दिव्यांगों को पंचायती राज व्यवस्था एवं नगर निगम के इकाइयों के चुनाव में आरक्षण देने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका पर राज्य सरकार एवं राज्य निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई एक सितंबर को होगी।

इससे पहले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता आरएन सहाय, अधिवक्ता कीर्ति वर्धन एवं अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने कोर्ट को बताया था कि दो राज्यों छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में दिव्यांगों को उक्त चुनाव में आरक्षण दिया गया है। राजस्थान में नगर निगम के चुनाव एवं छत्तीसगढ़ में पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव में दिव्यांगों को आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। झारखंड में भी दिव्यांगों को पंचायती राज व्यवस्था एवं नगर निगम इकाइयों के चुनावों में आरक्षण दिया जाना चाहिए। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंदन ने पैरवी की।

## जमीनी विवाद में हुई थी माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या, तीन आरोपी धराये

**PHOTON NEWS RANCHI :** पुलिस ने माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड में आरोपी बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया, छोटू खलखो और अभिजीत कुमार पाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से एक लोडेड रिवाल्वर, एक शॉटगन, टेलीस्कोप युक्त स्पोर्टिंग रायफल, एक पिस्टल, फार्चुनर गाड़ी और चार मोबाइल फोन बरामद हुआ है।


मीडिया को जारकारी देते एसएसपी किशोर कौशल व गिरफ्तार अपराधी। ● फोटोन न्यूज

रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने शुक्रवार को बताया कि माकपा नेता सुभाष की हत्या जमीन विवाद में की गयी थी। 26 जुलाई को नगड़ी थाना के दलादली चौक के समीप माकपा नेता सुभाष मुंडा की उनके व्यवसायिक कार्यालय में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। नगड़ी थाना पुलिस ने 27 जुलाई को एफआईआर दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया।

एसएसपी ने बताया कि मुंडा मूलतः जमीन कारोबारी थे। दलादली मौजा स्थित 119 डिसमिल के भूखंड के स्वामित्व को लेकर लालगुटवा के रहने वाले जमीन कारोबारी छोटू खलखो उर्फ छोटू उरांव के साथ मनमुटाव था। इसके पहले भी 90 डिसमिल जमीन पर छोटू खलखो की ओर से समझौता किया गया था उस पर भी विवाद चल रहा था, जिससे छोटू खलखो गुस्से में था ।

एसएसपी ने बताया कि 119 डिसमिल जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से छोटू खलखों ने सुभाष मुंडा के सहयोगी बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया को जमीन में आधा हिस्सा देने का प्रलोभन देकर अपने पक्ष में किया। इसके बाद छोटू खलखो और बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बिनोद महतो की शादी के समय से ही सुभाष की हत्या की साजिश रचना शुरू कर दिये। इसके एवज में अपराधियों को 15 लाख रुपये नगदी एवं उसी प्लॉट में से 10 डिसमिल जमीन देने का वायदा किया गया। छोटू खलखो की ओर से उन्हें छह डिसमिल जमीन भी दे दिया गया है।

घटना के पूर्व बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया की ओर से अपराधियों को तीन लाख रुपये एवं छोटू खलखो की ओर से अग्रिम राशि के तौर पर एक लाख रुपये एवं एक 7.65 एमएम का देशी पिस्टल भी उपलब्ध कराया गया। एसएसपी ने बताया कि अपराधी घटना के पूर्व अपने साथ दो शूटर लाकर छोटू खलखो और बिनोद कुमार के सहयोग से घटनास्थल की रेकी की।

एसएसपी ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद छोटू खलखो, बिनोद कुमार, अभिजीत पाड़ी अपराधी सहयोगी दिखावा के तौर पर दलादली पहुंचे और उग्र भीड़ में शामिल होकर सरकारी कार्य में व्यवधान डालने, तोड़फोड़ करने और आगजनी में सक्रिय भूमिका भी निभाई। घटना के बाद अगले दिन हत्या में प्रयुक्त देशी हथियार छोटू खलखो को वापस कर दिया। यह हथियार छोटू खलखो की निशानदेही पर उससे बरामद किया गया।

घटना के बाद भेद खुलने के डर से छोटू खलखो सहयोगियों के साथ भागने की फिराक में थे। इसकी सूचना पर गुरुवार देर रात नया सराय नगड़ी रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद हत्याकांड में सभी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तारी के दौरान छोटू खलखो एवं उसके अपराधी सहयोगियों के पास से वाहन में छिपाकर रखे गये हथियार एवं गोली को बरामद किया गया। घटना में शामिल अन्य अपराधियों एवं शूटरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## एटीएस ने प्रिंस खान गिरोह के दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**PHOTON NEWS RANCHI :** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में डिम्पी उर्फ दानिश मल्लिक और तनवीर तस्लीम उर्फ किशन खान शामिल है। दोनों को धनबाद पुलिस के सहयोग से एटीएस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से पांच मोबाईल फोन बरामद किया गया है।


गिरफ्तार अपराधी किशन खान व दानिश मल्लिक। ● फोटोन न्यूज

शुक्रवार को झारखंड पुलिस प्रवक्ता सह आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से दिये गये आदेश पर एटीएस लगातार कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। इसी क्रम में एटीएस ने प्रिंस खान गिरोह के मुख्य सदस्य डिम्पी उर्फ दानिश मल्लिक को गिरफ्तार किया है। डिम्पी धनबाद के जमीन व्यवसायी शहजादा खान तथा नन्हें खान हत्याकांड का मुख्य आरोपित है। इसके जरिये प्रिंस खान गिरोह के वसूले गये रंगदारी के पैसों का निवेश जमीन व्यवसाय और हथियार खरीदने में किया जा रहा था। इसके खिलाफ धनबाद में अलग-अलग थाने में तीन मामले दर्ज है।

## होटवार जेल में बंद नाइजीरियन मूल के नागरिक को बेल देने से कोर्ट का इंकार

**PHOTON NEWS RANCHI :** धोखाधड़ी के केस में रांची बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद नाइजीरिया के नागरिक को बेल देने से रांची सिविल कोर्ट ने एक बार फिर इनकार कर दिया है। नाइजीरिया मूल के मॉरिश को बरियातू थाना की पुलिस ने 13 मई को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसने पिछले महीने अपने अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप के माध्यम से जमानत की गुहार लगाई थी। एक बार जमानत याचिका खारिज होने के बाद उसने दोबारा ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अशोक कुमार की कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिसपर शुक्रवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी।

दरअसल बरियातू थाना क्षेत्र के जोड़ा तालाब की रहने वाली रोजी परवीन ने मॉरिश पर 1।70 लाख की ठगी मामला दर्ज कराया है। मामले के अनुसंधान के दौरान पता चला कि रोजी परवीन से दोबारा 15 लाख रुपये लेने के लिए किसी अज्ञात अभियुक्त ने एक व्यक्ति को दिल्ली एयरपोर्ट से रांची भेजा था। इसी क्रम में रोजी परवीन और एयरपोर्ट थाना की मदद से बरियातू थाना की पुलिस ने नाइजीरियन व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

## अवैध महुआ-हड़िया निर्माण कर गरीब आदिवासी महिलाओं से बिक्री करानेवाले रैकेट का भंडाफोड़

**PHOTON NEWS RANCHI :** जिला प्रशासन और उत्पाद विभाग अवैध तरीके से महुआ हड़िया निर्माण कर गरीब आदिवासी महिलाओं से बिक्री करानेवाले रैकेट का शुक्रवार को भंडाफोड़ किया है। नामकुम प्रखंड के चंदाघासी में जिला उत्पाद विभाग की ओर से छापेमारी की । उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के निदेर्शानुसार कार्रवाई करते हुए टीम ने दो अवैध चुलाई अड्डे को ध्वस्त किया है।


छापेमारी में जब्त जावा महुआ व अन्य सामग्री ● फोटोन न्यूज

रांची एयरपोर्ट के पीछे चंदाघासी ग्राम में अवैध तरीके से चल रहे अड्डे को ध्वस्त करते हुए जिला आबकारी टीम ने 800 किलोग्राम जावा महुआ और 140 लीटर चुलाई शराब जब्त किया। साथ ही उत्पाद अधिनियम के तहत संचालक पर एफआईआर भी किया है।

रैकेट अवैध तरीके से महुआ हड़िया निर्माण कर गरीब आदिवासी महिलाओं से बिक्री कराता था। यह रैकेट शालीमार बाग, हटिया और विधानसभा के आसपास गरीब आदिवासी महिलाओं के माध्यम से हड़िया बिक्री करा रहा था। कुछ महिलाओं को फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के तहत लाभ दिलाते हुए आजीविका के वैकल्पिक साधन उपलब्ध करा कर सम्मानजनक जीविका से जोड़ा भी गया। इसके बावजूद उक्त क्षेत्र में हड़िया बिक्री बढ़ती जा रही थी। गहनता से जांच में ये बात सामने आयी कि आदिवासी महिलाओं से हड़िया बिक्री कराने के पीछे रैकेट काम कर रहा है। इसके बाद टीम बनाकर कार्रवाई गयी, जिसमें दो अवैध अड्डों को ध्वस्त कर दिया गया और संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

## झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 40 इंस्पेक्टरों का किया तबादला

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इंस्पेक्टर रैंक के 40 पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया है। इस संबंध में संबंधित अधिसूचना डीआईजी कार्मिक की ओर से शुक्रवार की देर शाम जारी कर दी गई है।

जारी अधिसूचना के अनुसार मोहम्मद रुस्तम को स्पेशल ब्रांच रांची, मुनु टुडू को एसीबी रांची, नूतन मोदी को सीआईडी रांची, उज्जवल कुमार साह को सीआईडी रांची, गजेंद्र कुमार पांडे को सीआईडी रांची रविंद्र कुमार सिंह को झारखंड जगुआर, शैलेश कुमार चौहान को जेएपीटीसी पदमा, रामनारायण चौधरी को एसीबी रांची, विनय कुमार राम को एसीबी रांची, दिनेश कुमार सिंह को झारखंड जगुआर, सुजीत कुमार को कोडरमा, रत्नेश मोहन ठाकुर को लोहरदगा, आदिकांत महतो को रांची, सहदेव प्रसाद को देवघर, अनिल कुमार को देवघर, गुलाब सिंह को गढ़वा, परमेश्वर लेयांगी को जेएपीटीसी पदमा, नवीन कुमार सिंह को देवघर, सुरेश कुमार मंडल को रांची, जोसेफ फ्रांसिस तिर्की को बोकारो, अनिल कच्छप को बोकारो, अशोक कुमार 1 को बोकारो, दिवाकर मंडल को बोकारोराज बल्लव पासवान को बोकारो, संजय कुमार को बोकारो, रूपेंद्र कुमार राणा को बोकारो, नवल किशोर सिंह को बोकारो,मनोज कुमार को गिरिडीह, धर्मपाल कुमार को गिरिडीह, राजेश रंजन को गिरिडीह, रामाकांत तिवारी को गिरिडीह, रविन्द्र कुमार सिंह को गिरिडीह,श्याम किशोर महतो को गिरिडीह, ज्ञान रंजन सिंह को गिरिडीह,भिखारी राम को गिरिडीह, अनूप बी पी केरकेट्टा को गिरिडीह, ममता कुमारी को गिरिडीह, मो कमाल खां को गिरिडीह और अजय कुमार को गिरिडीह तबादला किया गया है। जारी आदेश में मुख्यालय की ओर से सभी एसएसपी और एसपी को इंस्पेक्टरों को जल्द विरमित कर प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया है।

### पूर्व-मध्य रेलवे की तरफ से की गयी आधिकारिक घोषणा, बदल जायेगा रूट

## बरकाकाना-मुरी के रास्ते चलेगी पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस

**PHOTON NEWS RANCHI :** पटना और रांची के बीच चलने वाली 22349 और 22350 पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का शुक्रवार से रूट बदल जाएगा। अब यह ट्रेन बरकाकाना से मुरी के रास्ते चलेगी और रांची तक जाएगी। फिर इसी रास्ते से होते हुए गया और फिर वहां से पटना आएगी। इस संबंध में पूर्व मध्य रेलवे की तरफ से आधिकारिक घोषणा की गई है।



पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार के अनुसार पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस के बदले हुए रूट से चलने की यह व्यवस्था अगले आदेश तक बनी रहेगी। उद्घाटन से लेकर अब तक वंदे भारत एक्सप्रेस को बरकाकाना से टाटी सिलवे होते हुए रांची तक चलाया जा रहा था। वापसी भी इसी रूट से हो रही थी। पिछले कुछ दिनों से झारखंड में लगातार भारी बारिश हो रही है। इसका असर पहाड़ी इलाके में पड़ा। हेहल और सांकी स्टेशन के बीच भारी बारिश की वजह से भूस्खलन हो गया। पहाड़ टूट कर पत्थर रेलवे ट्रैक पर गिर गया था।

आशंका यह जताई गई है कि लगातार हो रही भारी बारिश का असर आगे भी देखन को मिल सकता है। पहाड़ों से भूस्खलन आगे भी हो सकता है। पत्थर के साथ मिट्टी भी लूज होकर रेलवे ट्रैक पर गिर सकती है। ऐसे में पैसेंजर्स की सुरक्षा और सेफ्टी बेहद जरूरी है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए बरकाकाना-टाटीसिलवे रूट पर एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों के परिचालन को अगले आदेश तक रोक दिया गया है। किसी भी प्रकार की पैसेंजर ट्रेन अभी नहीं चलेगी। सेफ्टी की वजह से ही वंदे भारत एक्सप्रेस के रूट को बदला गया है। बुधवार को जब भूस्खलन हुआ था तब उसके बाद भी बदले हुए रूट से ही यह ट्रेन पटना और रांची के बीच चलाई गई थी।

## स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के लिए 149 करोड़ की स्वीकृति

**PHOTON NEWS RANCHI :** स्वास्थ्य विभाग के अधीन राज्य के विभिन्न अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों के इलाज और जांच के लिए दवा-मशीन की खरीदारी की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसकी आपूर्ति के लिए 149 करोड़ 82 लाख 28 हजार 480 रुपये की योजना की स्वीकृति दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव और निदेशक प्रमुख राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। जिलों के सिविल सर्जन और विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी भी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

सभी स्तर के जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, अन्य स्वास्थ्य संस्थानों, वेयरहाउस, प्रयोगशालाओं, कार्यालयों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों (मेडिकल कॉलेज को छोड़कर) आवश्यक दवा मशीन उपकरण, सामग्री एवं आपूर्ति के मद में खर्च किया जाएगा।

**BRIEF NEWS**

### एक दिवसीय महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए रामगढ़ जिले में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**RAMGARH:** रामगढ़,मांडू में विप्र बंधुओं के साथ बैठक कर महासम्मेलन में रामगढ़ जिला के विप्र बंधुओं की भागीदारी एवं महासम्मेलन की सफलता को लेकर किया गया जोरदार तैयारी आगामी 13 अगस्त 2023 दिन रविवार को हजारीबाग जिला स्थित पैराडाइज रिसोर्ट कार्मेल चौक निकट न्यू बस स्टैंड के सभागार में होने वाले कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश के द्वारा एक दिवसीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए गुरुवार को रामगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया जनसंपर्क अभियान के दौरान कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ने उपस्थित स्वजातीय विप्र बंधुओ से कहा कि राजनीति,धर्म नीति,समाज नीति पर जब जब ब्राह्मणों ने अपना सलाह देना बंद कर दिया है तब-तब देश,धर्म,समाज का पतन हुआ है उन्होंने जनसंपर्क अभियान के तहत 13 अगस्त 2023 को आयोजित ब्राह्मण महासम्मेलन को लेकर हजारीबाग स्थित पैराडाइज रिजॉर्ट परिसर में अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण समुदाय के लोगों को उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से गणेश पांडे, सतीश पांडे,अरविंद पांडे मांडू सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### पतरातू के सौंदा बस्ती पंचायत भवन में हुआ विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**RAMGARH:** शुक्रवार को रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत सौंदा बस्ती पंचायत भवन में विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेविकाओं द्वारा नवजात शिशुओं की माताओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना, योजना, संस्थागत प्रसव, स्तनपान टीकाकरण तथा अन्य योजनाओं के लाभ से अवगत कराया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सभी लाभार्थियों को संस्थागत प्रसव के लाभों से अवगत कराते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव में अस्पताल में नवजात शिशु की देखभाल के लिए तत्काल चिकित्सा सुविधा मौजूद रहती है एवं बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा नियमित रूप से बच्चे की जांच भी की जाती है। साथ ही बच्चे को जन्म के 1 घंटे के भीतर मां का दूध भी मिल जाता है जब की घर पर प्रसव के दौरान बच्चे को 1 घंटे के भीतर मां का दूध उपलब्ध नहीं हो पाता है जिसके कारण बच्चा आगे चलकर चलकर कुपोषण सहित कई अन्य बीमारियों का शिकार होता है। संस्थागत प्रसव होने पर बच्चे एवं मां को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी बड़ी सुगमता से मिल पाता है। वही कार्यक्रम के दौरान उन्होंने टीकाकरण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजना की जानकारी भी दी गई।

### कॉलेज परिसर को साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व : प्रो. एनके तिवारी

**BHRKUNDA:** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में शुक्रवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान कॉलेज परिसर में घास-फुस व कूडा-करकट की साफ-सफाई की गई। इसका नेतृत्व कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विशेश्वर रविदास ने कहा कि जीवन में साफ-सफाई का ध्यान देते हुए समाज को गंदगी से बचाया जा सकता है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि कॉलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों को कुडा-कचरा व प्लास्टिक मुक्त बनाना स्वयंसेवकों का दायित्व है। उन्होंने स्वयंसेवको को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होते रहेंगे। श्री तिवारी ने कहा कि जीवन का स्वच्छता में बड़ा महत्व है। स्वच्छता के बल पर कई संक्रामक बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बी रविदास ने किया। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अदिति मिश्रा, पूजा, संजय चक्रवती का विशेष योगदान रहा।

**अक्षयपात्रा रसोईघर विकास की उपलब्धि, बड़ी संख्या में रोजगार का भी होगा सृजन**

# हजारीबाग में सांसद जयंत सिन्हा के प्रयासों से बन रहा विशाल रसोईघर

**PHOTONE NEWS RAMGARH:** हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग लोकसभा के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्यरत हैं। उनके प्रयासों से हजारीबाग में अक्षयपात्रा रसोईघर की परियोजना आकार ले रही है, जिसे बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। 27 करोड़ की लागत से डेमोटाण्ड में बन रहा यह रसोईघर जिले के 565 सरकारी विद्यालयों के लगभग 1 लाख बच्चों को रोजाना पौष्टिक मध्याह्न भोजन उपलब्ध करवाएगा। यह अक्षयपात्रा के विश्व के 5 सबसे बड़े रसोईघरों में से एक होगा।

जयंत सिन्हा जी ने बीते दिनों इस परियोजना का निरीक्षण कर अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह रसोईघर अपने आप में विशिष्ट व अनूठा है,



क्योंकि यह भोजन की उपलब्धता की क्षमता व गुणवत्ता में वृद्धि करेगा। साथ ही यह विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त होगा। इसके निर्माण के लिये दुनिया भर से उपकरण मंगाए गए हैं और यहाँ बहुत सी चीजें गैस की जगह भाप से बनाई जाएंगी। यह रसोईघर बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन करेगा। इससे स्थानीय किसानों व व्यापारियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। यहां खाना बनाने के लिए सब्जी व राशन क्षेत्र से ही खरीदा जायेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

जयंत सिन्हा जी ने इस परियोजना की परिकल्पना मानव संसाधन विकास को ध्यान में रखकर की है। जब बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्ता पूर्ण भोजन मिलेगा तो उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा और विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी। पौष्टिक खाना खाने से कुपोषण में कमी आएगी और तन-मन सुदृढ़ होगा, जिससे बच्चे बेहतर पढ़ाई और प्रदर्शन कर सकेंगे।

जयंत सिन्हा जी के प्रयासों से अब इसी के तर्ज पर रामगढ़ में भी अक्षयपात्रा का विशाल रसोईघर बनाया जा रहा है। इसके लिए वे काफी समय से प्रयासरत थे। उन्होंने इसके निर्माण व संचालन के लिये सीसीएल से आग्रह किया और सीएसआर के माध्यम से 22 करोड़ की राशि की स्वीकृति दिलवाई है। इस रसोईघर के निर्माण हेतु 15 करोड़ व इसके संचालन पर 7 करोड़ की राशि की लागत आएगी। इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिये वे निरंतर जुटे हुए हैं और इस संबंध में रामगढ़ जिला प्रशासन, सीसीएल व अक्षयपात्रा की टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश व सहयोग प्रदान कर रहे हैं। यह रसोईघर सरकारी विद्यालयों के 50 हजार बच्चों को रोजाना पौष्टिक मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराएगा। इसे अगले 2 वर्षों में तैयार कर लिया जाएगा।

जयंत सिन्हा जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अब हजारीबाग व रामगढ़ का कोई बच्चा भोजन के अभाव में शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। यह हमारे लिए बेहद हर्ष और गर्व की बात है कि पूरे संसदीय क्षेत्र में बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाएगा। बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए मैं इस रसोईघर का निर्माण करवा रहा हूँ। जब बचपन पोषित होगा तो क्षेत्र उन्नत बनेगा। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में इन विशाल परियोजनाओं को हर सहयोग उपलब्ध करवाने हेतु केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी जी व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## टीबी मरीजों को उपलब्ध कराया गया पोषण आहार




**PHOTON NEWS RAMGARH:** प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत रामगढ़ जिला अन्तर्गत रामगढ़ प्रखण्ड के ईलाजरत टी. बी. मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार प्रदान करने से संबंधित पोषण आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में सदर अस्तपताल, रामगढ़ में किया गया, जिसमें रामगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत 36 ईलाजरत टी.बी. मरीजो के बीच पोषण आहार का वितरण किया गया। सिविल सर्जन, रामगढ़ के द्वारा यह बताया गया कि यह भारत सरकार की एक बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। इस पोषण आहार से टी.बी. मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी साथ ही साथ उनके रोग का उपचार भी होगा। मौके पर उन्होंने उपस्थित टी०बी० मरीजों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप बताया। डॉ० स्वराज, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, रामगढ़ के द्वारा टी.बी. मरीजों को ईलाज एवं बचाव से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। साथ ही उन्होंने सभी को जानकारी दी कि टी.बी. रोग की दवा रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी सरकारी एवं गैरसरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। डॉ० उदय श्रीवास्तव, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, रामगढ़ ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि टी.बी. ईलाज अवधि तक मरीज किसी प्रकार का नशा का सेवन नही करे एवं नियमित रूप से टी.बी. की दवा खाते रहें।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक के बाद कांग्रेसी उत्साहित, बांटी मिठाईयां

**पतरातू प्रखंड में सड़क पर निकले पार्टी के कार्यकर्ता, जमकर नारेबाजी**

**PHOTON NEWS BHRKUNDA:** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को गुजरात उच्त न्यायलय मोदी सरनेम पर सुनाई गई 2 वर्ष की सजा पर रोक लगाए जाने के बाद कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल है। वहीं उनकी संसद की सदस्यता अब पुनः बहाल हो जाएगी। शुक्रवार को खुशी का करते हुए पतरातू प्रखण्ड के न्यू मार्केट चैक पर प्रखण्ड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में जुलूस निकालकर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा मिठाई बांटी गई। साथ ही आतिशबाजी करते हुए खुशी जाहिर की गई। मौके पर सुजीत पटेल ने कहा कि यह सत्य की जीत है। सर्वोच्च न्यायलय के



प्रति आभार जताते हुए प्रखंड अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि इस निर्णय से आम जनता में न्यायालय के प्रति सम्मान और विश्वास बढेगा। जुलूस में मुख्य रूप से सुजीत कुमार पटेल, जिला मंत्री प्रो केके शर्मा, जय प्रकाश सिंह, उपेन्द्र यादव, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, नईम अंसारी, कमलेश राम, योगेन्द्र सिंह खरवार, रमेश बेदिया, अनिल कुमार सिंह, संजीव सिंह, गौरव आनंद, दिनेश दास, रंजीत ठाकुर, मोबिन खान, सपन दास, तारिक रजा, अफरीदी, राजु प्रसाद, नाजिर अंसारी, मस्जिद अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थें।

## पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा : डॉ. शीला सिंह

**जेएम कॉलेज में मना स्तनपान सप्ताह, हुआ पौधारोपण, संरक्षण का लिया गया संकल्प**

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में मेरा माटी मेरा देश के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को स्तनपान सप्ताह पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह व डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवको द्वारा कॉलेज परिसर में जामुन, अमरूद सहित कई फलदार, छायादार व औषद्यीय किस्म के पौधे लगाए गए। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने बताया कि अगस्त माह का प्रथम सप्ताह स्तनपान दिवस के रूप में मनाया जाता है। मां का दूध ही नवजात बच्चों के




लिए टीका है। डॉ. शीला सिंह ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण ही काफी नहीं इसका संरक्षण बेहतद जरूरी है। डॉ. अरविंद सिंह व डॉ. बीरेन्द्र सिंह ने स्तनपान से होने वाले फायदों के बावत स्वयंसेवकों को विशेष जानकारी दी। साथ ही पौधारोपण के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकीकरण शिविर से वापस आये कॉलेज के स्वयंसेवक सरोज नायक को सोनाली सिंह द्वारा आम का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रही सानिया, पारूल और आस्था ने मां व बच्चे पर आधारित कविता का वाचन कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आस्था, बादल, सानिया, भारती, अंजली, कोमल, सोनाली, राहुल, पंकज, वीणा, संतोष, नितिश, दीपिका, पम्मी आदि स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

## दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम में लगभग 72 स्टॉल की प्रदर्शनी

**राज्य के सभी 32 जनजातीय समूह के 32 स्टॉल की होगी प्रदर्शनी**

- 9 एवं 10 अगस्त 2023, स्थान- बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची।
- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी मिलेगी जानकारी

**PHOTON NEWS RAMGARH:** विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित किये जानेवाले झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में झारखंड की जनजातीय कला-संस्कृति का अद्भुत, अनूठा समागम देखने को मिलेगा। रांची के जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में आयोजित किये जा रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में लगभग 72 स्टॉल की प्रदर्शनी लगायी जायेगी, जिनमें जनजातीय समूहों के भी स्टॉल होंगे।

32 जनजातीय समूह के 32 स्टॉल की प्रदर्शनी

झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में राज्य के 32 जनजातीय समूह के 32 स्टॉल की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की ओर से ये स्टॉल लगाये जायेंगे। जिसमें राज्य के सभी 32 जन जातियों के कला-संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत जनजातीय स्वयं सहायता समूह के 05 स्टॉल भी लगाये जायेंगे। 06 स्टॉल कल्याण विभाग तथा 1-1 स्टॉल खादी और झारक्राफ्ट के भी होंगे।

**राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी मिलेगी जानकारी**

झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में लोगों को राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी मिलेगी। इसमें कृषि, कल्याण, ग्रामीण विकास, श्रम, शिक्षा, समाज कल्याण आदि से संबंधित योजनाओं के स्टॉल होंगे। प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद एवं बिरसा हरित ग्राम अभियान, सारथी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा ओवरसीज स्कॉलरशिप स्कीम (एमजीओएस) आदि से संबंधित स्टॉल लगायें जायेंगे ताकि लोग योजना की जानकारी के साथ-साथ लाभान्वित होने की प्रक्रिया भी जान पायें।

इसके अलावा जोहारग्राम, जोबरा, ट्राइबल इंडियन चेंबर एंड इंडस्ट्री, चाला अखड़ा खोरहा, लाइव आर्टिसन और डॉक्टर मनीषा उरांव ओपन फील्ड के भी स्टॉल लगायें जायेंगे।

### पंचायत के सड़कों के किनारे सोलर आधारित लाइट का जल्द होगा अधिष्ठापन : सत्यंवती देवी

**BHURKUNDA:** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा 15वें वित्त आयोग के मद से आजाद नगर मोहल्ला में हनुमान मंदिर के सामने एवं रीजनल कॉलोनी में विधिवत पूजा अर्चना कर मास्क लाइट का उद्घाटन किया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने हेतु यह एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि आगे भी ग्राम पंचायत के सभी चैक-चैराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मास्क लाइट का अधिष्ठापन किया जाएगा। जिससे रात्रि में यहां के ग्रामीणों को किसी प्रकार का प्रकाश के अभाव में में दिक्कत ना हो। मुखिया ने कहा कि ग्राम पंचायत के सभी सड़कों के किनारे सोलर आधारित लाइट का भी अधिष्ठापन जल्द ही 15वें वित्त की राशि मिलने के साथ कर दिया जायेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो के वरिष्ठ नेता लव कुमार महतो, राजा करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**संक्रामक रोग के बारे में जानकारी साझा करने की हुई अपील**

**PHOTN NEWS BHURKUNDA:** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा शुक्रवार को जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद ठेका मजदूर एवं अन्य कामगारों को समिति के संयुक्त निदेशक आईईसी रवि प्रकाश द्वारा एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही झारखंड राज्य में नेशनल एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत समिति द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम एवं सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर प्लांट महाप्रबंधक एवं प्रभारी प्लांट इंचार्ज संतोष कुमार कहा कि एचआईवी/एड्स की बीमारी को जागरूकता एवं जानकारी के माध्यम से ही रोक जा सकता हैं।



इस बीमारी के प्रति सभी कामगारों को सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आपस में एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी साझा कर इस बीमारी के रोकथाम एवं प्रसार को नियंत्रित करने में अपना योगदान देने की बात कही। साथ ही उनके द्वारा एचआईवी/एड्स से संक्रमित व्यक्तियों के साथ सहयोग करने एवं उनसे किसी प्रकार के भेदभाव नहीं करने का भी आग्रह किया। मौके पर जिंदल स्टील एवं पावर प्लांट पतरातु के एजीएम नीरज कुमार, रत्नेश कुमार, रवि निवास, प्रबंधक समीर हिमाद्री, मातंग शर्मा, प्रियस कुमार सिंह सहित प्लांट के दर्जनों कामगार मौजूद थें।

**आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में लगा नेत्र जांच शिविर, 103 लोगो ने लिया स्वास्थ्य लाभ, मरीजों के बीच निःशुल्क दवा का हुआ वितरण**

# आंख शरीर का अनमोल रत्न इसकी देखभाल जरूरी : डॉ. नदीम अनवर

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में शुक्रवार को सीसीएल गांधीनगर अस्पताल रांची सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में गांधीनगर अस्पताल के डॉ. उत्पल चक्रवाती, डॉ. शंकर प्रसाद, डॉ. केपी निराला, डॉ. अंकुर कुमार, सैफ अली आदि चिकित्सकों के सहायकों द्वारा 103 लोगों की नेत्र जांच की गई। जिसमें कई लोगों के



आखों में इन्फेक्शन और कई मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। मौके पर बरका-सयाल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नदीम अनवर व अन्य चिकित्सकों ने मरीजों को उचित परामर्श देते हुए कहा कि आंख शरीर का अनमोल रत्न है, इसकी देखभोल बहुत जरूरी है। डॉ. नदीम अनवर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शरीर में हल्की-फुल्की भी तकलीफ हो तो चिकित्सकों से मिलें। शिविर में पाये गये मरीजों के बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर बरका-सयाल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नदीम अनवर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मसरूर आफताब, डॉ. राजेश कुमार मौजूद थें। शिविर को सफल बनाने में फारूक रजा, जितेंद्र, दिवाकर पटेल, कनहैया यादव, राजेंद्र, रीता, आरती, शरण, भौमिक आदि का विशेष योगदान रहा।

## प्राण वायु के पोषक व पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षक होते हैं पेड़-पौधे : चंद्रशेखर चौधरी

**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कन्या भारती तथा किशोर भारती द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया।पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय के भैया- बहनों द्वारा सुसज्जित गमलों में पुष्पीय एवं औषधीय पौधे लगाए गए।इस अवसर पर विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने पेड़-पौधों को प्राण वायु के पोषक तथा पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षक बताते हुए बच्चों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का संदेश दिया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बच्चों से अपने-अपने घरों एवं आस-पास भी पौधे लगाने तथा समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का सुझाव दिया। कन्या भारती प्रमुख आचार्या गायत्री पाठक ने कहा कि कन्या भारती एवं किशोर भारती का उद्देश्य भैया - बहनों में सामाजिक दायित्व का बोध कराना एवं उनका व्यक्तित्व विकास करना है ताकि समाज में वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। कन्या भारती में कक्षा नवम से द्वादश तक के भैया-बहनों ने हिस्सा लिया. जिसमें कन्या भारती की बहन मानशी, सौम्या, नैना, तन्नू, करिश्मा, रितिका, खुशी, वर्षा, स्वाति, ब्यूटी, रिया, रागिनी, राखी, सोनी, आँचल, प्रेरणा, प्रियंका, संजना, सोनी, प्राची पलक, प्रिय, नेहा, स्नेहा, अनुष्का, अंकिता, लक्ष्मी, पूनम, प्रिया दास, चंचला तथा किशोर भारती में भैया आयुष, बबलू, अवंतिका, आदित्य, अभय, अमन, अमित अनिकेत हर्ष आदि की प्रमुख भूमिका रही।

BRIEF NEWS

## अमित शाह के दौरे से पहले, भाजपा नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

**ODISHA:** अमित शाह पहुंचेंगे भुवनेश्वर, पार्टी पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर तय करेंगे रणनीति। जीत का देंगे गुरु मंत्र भुवनेश्वर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आज से शुरू हो रही दो दिवसीय ओडिशा यात्रा से पहले, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने 10 उपाध्यक्षों समेत कई पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। सामल ने 35 पदाधिकारियों को नियुक्त किये जाने की घोषणा की। सामल ने चार महीने पहले ओडिशा भाजपा के अध्यक्ष का पदभार संभाला था। नवनियुक्त उपाध्यक्षों में अपराजिता सारंगी, गोलक प्रसाद महापात्र, नौरी नायक, कुसुम टेटे, ललितेंदु बिद्याधर महापात्र, रबी नायक और लेखाश्री सामंतसिंघर शामिल हैं। इसके साथ ही अविलाश पांडा को भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष और ऐश्वर्या बिस्वाल को महिला मोर्चा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। शाह शुक्रवार को ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर आने वाले हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह आधिकारिक बैठकों में भाग लेंगे। शाह रात 10.40 बजे यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अमित शाह भाजपा नेताओं से फीडबैक लेंगे व पार्टी की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। बैठक को लेकर पार्टी नेताओं का भुवनेश्वर में जुटान शुरू हो गया है।

## राउरकेला बस स्टैंड में फंदे पर लटकता मिला वृद्ध का शव, हत्या की आशंका

**ROURKELA:** जिले के सेक्टर-3 पुलिस स्टेशन के सामने एक बस स्टैंड के शौचालय के पीछे शुक्रवार सुबह एक शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान सेक्टर-2 मंगला मंदिर निवासी 64 वर्षीय बाबूला महापात्र के रूप में हुई है। माना जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के चलते उन्होंने आत्महत्या की है। पड़ोसियों की मानें तो इनके घर में लगभग हर दिन झगड़ा होता रहता है। परिवार वालों ने उनके पैर पर खून लगे हुए देखा तो हत्या होने का केस दर्ज कराया है, वहीं पुलिस घटना के बाद जांच में जुट गई है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

## राउरकेला में 7 से 9 अगस्त तक आयोजित होगा अमृत युवा कला महोत्सव

**ROURKELA:** राउरकेला इस्पात कारखाना और संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली 7 से 9 अगस्त तक राउरकेला सिविक सेंटर में युवा केंद्रित ₹अमृत युवा कला महोत्सव₹ का आयोजन कर रही है। 3 दिवसीय महोत्सव में भारत की प्रदर्शन कला की समृद्ध विविधता का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें देश की युवा प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। यह 3-दिवसीय उत्सव और कार्यशाला सभी इच्छुक दर्शकों, कलाकारों, शिक्षाविदों, अभ्यासकताओं, सांस्कृतिक समूहों और संस्थानों के लिए खुला है।

## पूर्वी सिंहभूम जिले में तेजी से बढ़ रहा डेंगू, अबतक 111 की पुष्टि

**JAMSHEDPUR:** पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। एक दिन पूर्व ही चाकुलिया में एक साथ 14 डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीं, शुक्रवार को भी एक डेंगू मरीज की पुष्टि हुई है। मरीज का इलाज टाटा मुख्य अस्पताल में चल रहा है। जमाडोबा निवासी मरीज तेज बुखार व बदन दर्द की शिकायत लेकर पहुंचा था। इस दौरान जब उसकी जांच कराई गई तो रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हुई। जिले में अभी तक डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 111 हो गई है। वहीं, शुक्रवार को डेंगू के दो संदिग्ध मरीज भी मिले। जिला सर्विलांस विभाग ने दोनों मरीजों का नमूना लेकर जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कालेज भेजा है। रिपोर्ट सोमवार तक आने की उम्मीद है। दोनों मरीज का इलाज टिनप्लेट अस्पताल में चल रहा है। इसमें एक गोलमुरी व दूसरा बारीडीह के रहने वाले हैं।

# गोप समाज के लोगों को एक माह के बाद भी नहीं मिला न्याय, टालमटोल करता रहा प्रशासन

### उपायुक्त से गुहार लगाने पुनः समाहरणालय पहुंचे पीड़ित परिवार के सदस्य

- पिछले एक माह से बंदी की तरह रहने को विवश गोप समाज के लोग




**PHOTON NEWS CHAIBASA:** सदर प्रखंड अंतर्गत मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खूंटा गांव के गोप समुदाय और ग्रामीणों के बीच उत्पन्न विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. विवाद और गहराते जा रहा है। गोप समाज के लोग पिछले एक माह से बंदी की तरह रहने को विवश है। चूंकि गांव के ग्रामीण गोप समुदाय पर जबरन मवेशी चराने को लेकर दबाव बना रहे हैं। इस कारण गोप समुदाय व गांव के अन्य ग्रामीणों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। इसे लेकर गांव के ग्रामीण मुंडा की अगुवाई कुछ असामाजिक तत्व के लोगों ने गोप समाज के लोगों घर से झाड़ियों से घेराबंदी कर दिया है। इससे गोप समाज के लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है। इसे लेकर गोप समाज के लोग मुफ्फसिल थाना से लेकर सदर एसडीओ व उपायुक्त तक शिकायत की थी। लेकिन प्रशासन के लोग आजकल करते करते टालमटोल करते रहे। यही वजह कि मामला अब तक सुलझ नहीं पाया। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण अब दिनों दिन मामला बढ़ते ही जा रहा है। गुरूवार को गांव के असामाजिक तत्वा के लोगों ने आने जाने वाले रास्ता को पूरी तरह से घेर दिया। अब गोप समाज के लोगों की मुश्किलें और बढ़ गयी। जिससे गोप समाज के लोग गांव में ही सीमित स्थान पर कैद हो गये हैं। शुक्रवार को किसी तरह घेराबंदी को फांद कर पीड़ित परिवार के महिला पुरूष उपायुक्त से मिलने पहुंचे हुए थे। गोप समाज के लोगों ने बताया कि रास्ता रोके जाने से समाज के बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। वे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। यहां तक कि मजदूरी करने भी कहीं नहीं जा पा रहे हैं। इससे भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। एक तरह से समाज के लोगों का जीवन नारकीय बना हुआ है। साथ ही गोप समाज के लोगों को झूठे व उत्पीड़न केस में फसांने की धमकी भी दी जा रही है। इससे गोप समाज के लोग डरे सहमे हुए हैं। उपायुक्त से आग्रह किया है कि इस समस्या का समाधान शीघ्र किया जाय। समस्या का समाधान नहीं होने पर डर व भय का जीवन जी रहे गोप समाज के लोगों को गांव से हटकर पुलिस संरक्षण में सामूहिक रुप से थाना में रहने की अनुमति प्रदान की जाए।

**न्याय नहीं मिलने पर आमरण अनशन पर बैठेंगे पीड़ित परिवार के लोग**

गोप समाज के लोगों को कहना है कि गांव के ग्रामीण गोप समाज के लोगों पर जबरन मवेशी चराने को लेकर दबाव बना रहे हैं। जब समाज के लोगों ने मवेशी चराने से इंकार कर दिया तो कुछ असामाजिक तत्व के लोगों ने इन लोगों के आने जाने वाली रास्ता को झाड़ी से घेर कर बंद कर दिया है। यह मामला विगत 5 जुलाई से चल रहा है। इस मामले को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी खूंटा गांव पहुंच कर बैठक की लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद गोप समाज के लोगों ने 11 जुलाई को न्याय की गुहार लगाने के लिए उपायुक्त अनन्य मित्तल से मिलने पहुंचे हुए थे। समाज के लोगों ने यहां उपायुक्त से मिलकर मामले की पूरी जानकारी दी। मौके पर सदर एसडीओ शशींद्र बड़ाइक भी मौजूद थे। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ शशींद्र बड़ाइक को दोनों पक्षों की बैठक कर मामला को सुलझाने को निर्देश दिया था। लेकिन एक माह बीत गया अब मामले को नहीं सुलझा। प्रशासन भी अब चुप्पी साध लिया है। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण मामला बढ़ते ही जा रहा है। गोप समाज के लोग शुक्रवार को पुनः उपायुक्त से मिलने पहुंचे हुए थे। गोप समाज के लोगों ने कहा कि यदि जिला प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो वे लोग आमरण अनशन पर बैठेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## एमजीएम में हाइडेटिड सिस्ट की हुई सफल सर्जरी, डाक्टरों ने बचाई मरीज की जान

### आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क हुआ इलाज, अब मरीज हो चुका है स्वस्थ



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक गंभीर मरीज की सफल सर्जरी कर उसे नई जिंदगी मिली। मरीज लंबे समय से हाइडेटिड सिस्ट रोग से परेशान था। इसी बीच एमजीएम आया तो उसकी जांच हुई। इसके बाद बीमारी पकड़ में आई। एमजीएम में दूसरी बार इस तरह की सफल सर्जरी हुई है। धालभूमगढ़ के दलकी गांव निवासी पठान अली (18) पिछले तीन माह से असहनीय पेट दर्द से परेशान था। इस दौरान उन्होंने कई चिकित्सकों को दिखाया लेकिन राहत कहीं नहीं मिली। एमजीएम के सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. एचआर खान ने बताया कि जांच कराई गई तो मरीज के लिवर में हाइडैटिड सिस्ट पाया गया। इसे देखते हुए तत्काल सर्जरी कराने की सलाह दी गई। इसके बाद डॉ. एचआर खान के नेतृत्व युवक का लिवर का ऑपरेशन कर हाइडैटिड सिस्ट निकाला गया, जो करीबब 15 सेंटीमीटर का था। ऑपरेशन में डॉ. शालिनी, डॉ. सना और डॉ. नरेन ने भी सहयोग किया। एमजीएम अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत लगातार बड़ी-बड़ी सर्जरी हो रही है। आयुष्मान योजना गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है।

**आयुष्मान योजना के तहत निश्शुल्क हुई सर्जरी**

मरीज के पास आयुष्मान कार्ड था। इस कारण से उसका सर्जरी निश्शुल्क हुआ। अगर मरीज के पास आयुष्मान कार्ड नहीं होता तो उसके इलाज पर लगभग 50 हजार रुपए तक का खर्च आता।

**अब मरीज को नहीं होगा पेट दर्द**

डॉ. एचआर खान ने बताया कि ऑपरेशन के बाद युवक अब स्वस्थ है। उसके पेट में अब दर्द नहीं होगी। युवक ने बताया कि वह चिकन सेंटर में काम करता है। डॉ. एचआर खान ने बताया कि बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण लिवर में हाइडैटिड सिस्ट बनता है। सिस्ट को हटाने के लिए सर्जरी की एकमात्र रास्ता है। लिवर से निकाले गये सिस्ट के सैंपल को जांच में भी भेजा गया है।

## राउरकेला: रेलवे स्टेशन से लाखों रुपये के अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**PHOTON NEWS ROURKELA:** गांजा तस्करी के आरोप में राउरकेला आबकारी विभाग ने निसार नामक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से 14 किलो गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजा की कीमत डेढ़ लाख रुपये के लगभग है। मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग और आरपीएफ की टीम ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के पास गश्त के दौरान युवक को पकड़ा। युवक बिहार के चंपारण जिले का रहने वाला है। युवकों के बैग से 14 किलो 286 ग्राम गांजा मिला। युवक ओड़िशा से बिहार में अवैध रूप से गांजा ले जा रहा था। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## हीराकुंड के 12 गेटों से बाढ़ का पानी छोड़ा जा रहा



**ROURKELA:** ओड़िशा के विभिन्न जिलों में हो रहे भारी बारिश के कारण हीराकुंड डैम में जलस्तर बढ़ रहा है। हीराकुंड बांध के अधिकारियों ने शुक्रवार शाम तक 10 गेट खोले जाने की जानकारी दी है। दोपहर 2 बजे 5 गेट खोले गए थे, अब 5 और गेट खोल दिए जाएंगे। पहले 2 गेट खोले गए थे। अब तक कुल 12 गेटों से बाढ़ का पानी निकाला जा रहा है। हर सेकेंड पंद्रह हजार क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है। प्रशासन को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। अधिकारियों को शाम तक मैदानी इलाकों पर रहने का आदेश दिया गया है।

## 'होप ऑफ लाइफ' ने बारिश में वितरित किया रेनकोट

**ROURKELA:** शहर में शुक्रवार को दो दिनों तक लगातार बारिश से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। इस बीच 'होप ऑफ लाइफ' ने सड़क किनारे सामान बेचने वालें वेंडरो, रिक्शा चालकों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। संस्थान के प्रमुख दिलीप बारिक ने तेज बारिश में घूमकर इन लोगों को रेनकोट बांटे। एसोसिएशन ने कहा कि आने वाले दिनों में 200 और रेन कोट बांटने की योजना है।

## आरएसपी ने कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने के लिए जर्मनी के एसएमएस समूह के साथ किया एमओयू



**PHOTON NEWS ROURKELA:** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जर्मनी की अग्रणी इंजीनियरिंग कंपनी एसएमएस ग्रुप के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सेल के रांची स्थित प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) में गुरूवार को किया गया। एमओयू इस्पात उत्पादन के दीर्घकालिक बदलाव के लिए नए उपाय तलाशने की दिशा में सेल और एसएमएस समूह के बीच एक संयुक्त प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सहयोग का प्राथमिक उद्देश्य इस्पात संयंत्रों में इस्पात निर्माण प्रक्रियाओं में बदलाव लाना, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने पर जोर देना है। साझा विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाकर, सेल और एसएमएस समूह पर्यावरण अनुकूल इस्पात उत्पादन का एक नया प्रतिमान स्थापित करने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे।

इस एमओयू द्वारा किए गए सहयोगात्मक प्रयास स्टील निर्माण प्रक्रिया में डीकाबोर्नाइजेशन तकनीक को बढ़ावा देंगे और सेल के इस्पात संयंत्रों के भीतर कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ जुड़ा हुआ है।

## प्राइवेट स्कूलों को CBSE का फरमान, स्कूल ड्रेस और बुक खुद बेची तो खत्म हो जाएगी मान्यता

**JAMSHEDPUR:** सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूल अब बच्चों के अभिभावक को स्कूल या फिर निर्धारित दुकान से यूनिफॉर्म, बुक या स्टेशनरी खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते हैं। यदि ऐसा किया तो संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द कर दिया जाएगा। इसे लेकर बोर्ड ने सभी स्कूलों को सर्कुलर जारी किया है। इसमें कहा है कि बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूल किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकते हैं। वे आने यहां न यूनिफार्म,बुक या स्टेशनरी की न तो दुकान लगा सकते हैं और नहीं किसी अन्य दुकान से इसे खरीदने को बाध्य कर सकते हैं। सीबीएसई ने स्कूलों में खुली दुकानों को भी हटाने का आदेश दिया है। यदि फिर भी कोई स्कूल ऐसा करता है तो इस बात की जानकारी सीबीएई को देंगे। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि स्कूल किसी भी सूरत में बच्चों या अभिभावकों पर दबाव नहीं डाल सकते हैं। अभिभावक अपनी मर्जी से जहां से किताब और यूनिफार्म लेना चाहे ले सकते हैं।

## जिले के 108 एंबुलेंस कर्मी दूसरे दिन भी रहे हड़ताल पर, ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को हुई दिक्कत



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR** पांच महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के असहाय एवं गरीबों को सेवा देने वाले 108 एंबुलेंस कर्मचारी पिछले दो दिन से हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस के प्रदेश सचिव डॉ परितोष कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि माणिक मलिक हड़ताली कर्मचारियों से सदर अस्पताल में मिले और उनकी समस्याओं को जाना। इसके पश्चात उन्होंने ठेका कंपनी के वरीय अधिकारियों से बातचीत की। मौके पर बारी मुर्मू ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में 108 एंबुलेंस सेवा विगत दो दिन से नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों को पांच माह से वेतन नहीं मिलना गलत है क्योंकि उनके परिवार के भरण-पोषण में भी दिक्कत आ रही है और ठेका कंपनी का रवैया ढुलमुल है। यह एक तरह से कर्मचारियों का शोषण है। जहां समय पर उचित मानदेय नही मिल रहा है वहीं इन्हें पीएफ का भी लाभ नहीं मिलता है। यूं कहें तो एजेंसी द्वारा श्रम कानून का पालन नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर अगर एक-दो दिनों में बातचीत नहीं होती है तो जिला परिषद प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलकर आगे की करवाई के लिए मजबूर होगा।

## एनआईटी जमशेदपुर एवं सीजीसीआईआर के बीच होगा एमओयू, दोनों मिलकर शोध व अनुसंधान के क्षेत्र में करेंगे काम



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर ने कोलकाता स्थित सेन-?ट्रल ग्लास एंड सिरामिक रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीजीसीआरआई) के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया है। दोनों संस्थान शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने और नॉलेज एक्सचेंज करने के निर्णय लिया है. दोनों संस्थानों ने इनोवेशन को एक दूसरे के साथ साझा करने की भी घोषणा की है. कोलकाता स्थित यह संस्थान वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अंतर्गत आरंभ की गई देश की सबसे पहली चार भारत सरकार के प्रस्तावित प्रयोगशालाओं में से एक है. जिसे ऑप्टिकल ग्लास एवं सिरामिकी के क्षेत्र में सराहनीय विकास से अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में विशेष ख्याति मिली है। गुरुवार को कोलकाता स्थित सीजीसीआरआई मुख्यालय में एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. डॉ. गौतम सूत्रधार एवं सेन्ट्रल ग्लास एंड सिरामिक रिसर्च इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ. सुमन कुमारी मिश्रा ने एक महत्वपूर्ण बैठक में शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में मिलकर काम करने की औपचारिक सहमति व्यक्त की है। भारत में हो रहे विभिन्न शोध एवं अनुसंधान कार्यों के साथ स्पर्द्धा को ध्यान में रखते हुए एनआईटी जमशेदपुर एवं सीजीसीआईआर कोलकाता ने साथ मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। इसके लिए दोनों संस्थान जल्द ही समझौता पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर करेगी। दोनों संस्थान ने शोधार्थी एवं अनुसंधान से जुड़े छात्रों को एक दूसरे के संस्थानों में इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत अवसर देने का निर्णय लिया है।

### प्राइवेट संस्थानों में युवाओं की बहाली को लेकर उपायुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल

# प्राइवेट संस्थानों में स्थानीय युवाओं का नहीं हो रहा नियोजन

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** प्राइवेट संस्थानों में स्थानीय युवाओं को नियोजन नहीं मिलने से नाराज होकर शुक्रवार को कोल्हान छात्र संघ सचिव सुबोध महाकुड़ के नेतृत्व में युवाओं का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मुलाकात की. जिसमें युवाओं ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा प्रकाशित गजट में यह कहा गया है कि झारखंड के समस्त 24 जिला में विभिन्न प्राइवेट संस्थानों में रोजगार के मामले में 75% क्षेत्रीय लोगों को रोजगार देने का आरक्षण दिया जाएगा. परंतु बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि गजट प्रकाशित होने के बावजूद कोई सार्थक पहल अभी तक नहीं दिख रहा है. इस बजट में साफ लिखा गया है कि जिन भी प्राइवेट संस्थान में प्राइवेट संस्थान में 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं उन स्थानों को 75% आरक्षण स्थानीय युवाओं को नियोजन के क्षेत्र में देना होगा. इसकी जानकारी झारखंड रोजगार मंत्रालय के वेबसाइट पर भी अपलोड करना होगा. लेकिन काफी आश्चर्यजनक बात है कि यह गजट निकले हुए एक साल हो गया है लेकिन इस गजट के आधार पर जिला जो कि खनिज संपदा भर जिला है उस जिले में इस पर किसी प्रकार का कार्रवाई नहीं हुआ है. जिला प्रशासन के द्वारा मुख्यमंत्री को सूचित करते हुए हमारी यह मांग है कि 15 दिनों के अंदर अगर इस पर कार्यवाही नहीं हुई तो पश्चिम सिंहभूम जिला में आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी. जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी. ठ मौके पर कोल्हान विश्वविद्यालय छात्रसंघ सचिव सुबोध महाकुड़, अभिजित दास, पुन्नीत पाल, सुधीर महतो, रहिश दास, शिबू राउत आदि उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक सत्य और न्याय की जीत : मंत्री बन्ना गुप्ता

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR** मोदी उपनाम मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के आदेश पर कांग्रेसियों में हर्ष है। इस संबंध में झारखंड के स्वास्थय मंत्री मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह सत्य और न्याय की जीत हुई है, हमारे नेता राहुल गांधी देश की जनता की आवाज है जिसे केंद्र सरकार चाहे जितनी भी षड्यंत्र कर ले दबा नहीं सकती है। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज का दिन लोकतंत्र को समर्पित है, राहुल गांधी जी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने वाले माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का देश की जनता स्वागत करती हैं। यह सत्य की जीत है, विश्वास की जीत है, दृढ़ निश्चय और आत्म सम्मान की जीत है, लोकतंत्र की जीत है, न्याय की जीत है, अब स्पष्ट है कि कोई भी तानाशाही ताकत जनता की आवाज को दबा नहीं सकती।

# 370 की समाप्ति के बाद


शनिवार, 05 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के चार साल पूरे हो रहे हैं। इसी दौरान इस कार्यवाही के औचित्य पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ सुनवाई कर रही है। कांग्रेस के नेता रहे और अब राज्यसभा में निर्दलीय सदस्य कपिल सिब्बल की दलील है कि संविधान सभा को ओवरलुक कर ऐसा करना ठीक नहीं कदम नहीं था। कोर्ट का यह प्रश्न गंभीर है कि संविधान सभा नहीं होने की स्थिति में यह कैसे हो। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उम्मीद करते हैं कि कोर्ट से न्याय मिलेगा। स्वाभाविक है कि उनके लिए न्याय का आशय राज्य में 370 की बहाली है। कोर्ट से बाहर जम्मू-कश्मीर की धरती से आ रही खबरों की पड़ताल देश को सुकून देती है। अभी चार महीने पहले जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राज्य में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के पहले प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया था। यूएई स्थित एमआर ग्रुप के 500 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट से दस हजार नौकरियां मिलने की उम्मीद की गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अभी राज्यसभा में बताया है कि राज्य में 370 हटाये जाने के बाद से करीब 30 हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी हैं। यह संख्या 29 हजार, 295 बताई गई। आगे सात हजार, 924 रिक्तियों के विज्ञापन आये हैं और दो हजार 504 रिक्तियों के संबंध में परीक्षाएं हुई हैं। विश्वव्यापी कोरोना के बावजूद राज्य के युवाओं के लिए इस तरह के कदम बहुत अच्छा संकेत है। सच यह है कि 370 की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के दो केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख के लोग अपना भविष्य सुरक्षित समझने लगे हैं। जम्मू-कश्मीर के आम लोग भी इससे संतुष्ट हैं किंतु राजनीतिक दलों अथवा यूं कहें कि कुछ नेताओं के लिए 370 मसला बना हुआ है। उन्हें इससे संतुष्टि नहीं मिलती कि पिछले दो साल में ही पर्यटक घाटी की ओर जिस तेजी से उमड़ रहे हैं, उससे राज्य की आर्थिकी में इजाफा होगा। अकेले 2022 में ही राज्य में एक करोड़, 88 लाख पर्यटक पहुंचे। निश्चित ही ट्रेड मार्केट पर इसका असर देखने में थोड़ा समय लगेगा। फिर भी जानकार बताते हैं कि स्थानीय बाजार और ट्रैवेल उद्योग की उछाल से इस दिशा में उम्मीदों को चार चांद लगने ही हैं। फिर से लोगों के जेहन में स्थानीय उत्पाद घर करेंगे और उनकी मांग बढ़ेगी। इसी बीच राज्य में जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की सम्पन्न हुई बैठक पूरी दुनिया के लिए साफ संकेत है कि विभिन्न देशों के नजरिए से कश्मीर घाटी के हालात और उसके भविष्य के बारे में छाया धुंध छंट चुका है। वर्किंग ग्रुप में 60 से अधिक प्रतिनिधियों का शामिल होना मायने रखता है। चीन की इससे दूरी को भी समझा जा सकता है कि वह पाकिस्तान के करीब है। स्वाभाविक है कि किसी भी भूभाग में रोजगार और व्यवसाय की स्थिति स्थानीय कानून व्यवस्था पर निर्भर करती है। पिछले तीन वर्ष जम्मू कश्मीर के लिए इस लिहाज से बेहतर कहे जा सकते हैं। उग्रवादी हमले कम हुए है। सुरक्षा बलों की चौकसी से तिलमिलाए चरमपंथियों ने टारगेटेड अटैक शुरू किए और इधर हाल में तो अवकाश पर आए एक सुरक्षाकर्मी जावेद अहमद का अपहरण भी कर लिया।

# आयात पर लगाम

भारत सरकार ने एचएसएन 8741 श्रेणी के अंतर्गत आने वाले लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर के आयात पर तत्काल प्रभाव से व्यापक प्रतिबंध लगा दिए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रतिबंधित वस्तुओं के आयात की अनुमति केवल वैध लाइसेंस पर ही दी जाएगी। हालांकि, बैगेज नियमों के तहत आयात पर अंकुश लागू नहीं होगा। इसका एक अर्थ यह हुआ कि एक लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर या अल्ट्रा स्मॉल कंप्यूटर के लिए आयात लाइसेंस की जरूरत नहीं पडेगी। इस श्रेणी में कोई भी यथोचित शुल्क चुकाकर उपकरण विदेश से मंगा सकेगा या ला सकेगा। वास्तव में, जो सामान किसी ई-कॉमर्स पोर्टल से पोस्ट या कूरियर के माध्यम से खरीदे जाते हैं, उन पर अलग से निर्धारित शुल्क लेने का प्रावधान है। स्पष्ट है कि व्यक्तिगत रूप से लोगों को कोई ऐसा सामान विदेश से लाने या मंगाने में परेशानी नहीं होगी, पर अब कोई थोक में ऐसे सामान के आयात की नहीं सोच सकेगा। जो कंपनियां या विक्रेता कंपनियां विदेश से लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर आयात करती हैं, उनका कारोबार बंद होने वाला है। सरकार को यह कदम पहले ही उठा लेना चाहिए था, क्योंकि भारत में उत्पादन या निर्माण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कदम जरूरी हैं। बड़ी कंपनियां भी ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के आयात को तरजीह देती हैं। कम कीमत पर विदेश से ज्यादा सामान खरीदने के बाद ज्यादा कीमत पर भारत में बेचती हैं। ऐसे में, भारत में न तो निर्माण को बढ़ावा मिलता है और न रोजगार सृजन होता है, साथ ही, उत्पाद की बिक्री से होने वाला फायदा भी विदेश चला जाता है। ऐसे में, आयात रोकने के ताजा इंतजाम से भारत में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उत्पादन को बल मिलेगा। कंपनियां विदेश से लाकर आपूर्ति करने के बजाय भारत में ही निर्माण को बढ़ावा देंगी। वैसे भी ज्यादातर बड़ी निमार्ता कंपनियों ने भारत में ही अपने निर्माण केंद्र बना लिए हैं, इन कंपनियों का काम बढ़ जाएगा, जिससे रोजगार में वृद्धि होगी। इसमें कोई शक नहीं कि भारत लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर का बड़ा उभरता बाजार है। चीन इत्यादि देशों में ऐसे उत्पादों के बाजार अब स्थिर होने लगे हैं। यूरोप की कुल आबादी से लगभग दोगुनी आबादी अकेले भारत में रहती है, ऐसे में, सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत कितना बड़ा बाजार है!

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



दिल्ली के कालकाजी की उन माताओं और बहनों के पत्रों को पाकर अभिभूत हूं, जिन्हें जहां झुग्गी वहीं मकान स्कीम के तहत पक्के घर मिले हैं। विदेश मंत्री @DrSJaishabkar जी जब वहां गए तो महिलाओं ने ये पत्र उन्हें सौंपे, जिनमें उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की है। वे बताती हैं कि कैसे इस स्कीम के जरिए उनका वर्षों पुराना सपना साकार हुआ है और पूरे परिवार का जीवन आसान बना है। पत्रों के लिए आप सभी का बहुत-बहुत आभार! हमारी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए यूं ही प्रतिबद्ध होकर काम करती रहेगी।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



राजेश मंडल फेरी का सामान लेने पालाजोरी बाजार जाते थे। स्थानीय पुलिस उनसे प्रतिदिन डरा धमकाकर पैसे लेती थी। दिनांक 03/08/2023 को जब वो सामान लेकर अपने घर जा रहे थे तो पुलिस ने उन्हें फिर रोका। भारी बारिश के कारण वे नहीं रुके। बस पुलिस को यह बात नागवार गुजरी। पालाजोरी थाना, (देवघर) के वर्दी पहने तीन पुलिसवालों ने( एएसआई संजय सिंह और तीन सिपाही) उन्हें बुरी तरह पीटा और दौड़ाया। अत्यधिक पिटाई और दौड़ने के कारण उनकी दर्दनाक मृत्यु हो गई। देवघर पुलिस कप्तान से आग्रह है कि वे इस मामले में जल्द से जल्द नामजद आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करें। क्योंकि आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने की हर कोशिश की और कर रहे हैं। इन हत्यारों को नौकरी से बर्खास्त करना चाहिए।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# इंटरनेट की पहुंच से भारतीय बच्चों पर बढ़ता संकट


**ANALYSIS**



डॉ. निवेदिता शर्मा

प्रतिस्पर्धा के स्तर दुनिया में जब भी एशिया की बात आती है और यहां के देशों का परस्पर अध्ययन होता है, जिसमें फिर वह आर्थिक क्षेत्र हो, पॉपुलेशन की बात हो या फिर सभ्यता-संस्कृति, विविधता और विज्ञान की, हर स्तर पर चीन के साथ भारत का तुलनात्मक अध्ययन आपको देखने को मिलेगा, किंतु यदि चीन अपने बच्चों और भविष्य की पीढ़ियों को सुधारने के लिए कोई बड़ा कदम उठाता है तो उसमें भारत इस प्रकार का इनीशिएटिव लेते हुए फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है । भारत ने चीन से आर्थिक विषय में सबक लेकर अपने आयात-निर्यात को सुधारने के लिए खास कदम उठाए हैं। अन्य विषयों पर संवेदनशील और सजगता दिखाई है। बड़ा सवाल यह है कि ऐसी सजगता इस मामले में क्यों नहीं उठाई? सवाल इसलिए भी यह बड़ा है क्योंकि हमारे बच्चों की यह पीढ़ी ऑनलाइन गेम की आरामतलबी से इतनी गुम होती जा रही है कि वह उससे बाहर ही निकलना नहीं चाहती। दूसरा इसका नकारात्मक पक्ष यह सामने आया है कि इंटरनेट के प्रभाव के चलते बच्चे गलत रास्ते पर जा रहे हैं। आत्महत्या कर रहे हैं ।

देश में लगातार अपराध एवं अन्य घटनाएं बढ़ रही हैं। इस आभासी अपराध में बड़ी संख्या में बच्चों को दोषी पाया गया है। भारत की आने वाली युवा पीढ़ी, भारत का भविष्य किस तरह से ऑनलाइन गेम और इंटरनेट की जद में न केवल अपराधी बन रहा है, बल्कि अनेक प्रकार की बीमारियों से घिर रहा है, इसके आंकड़े आज हमारे सामने मौजूद हैं। ऐसे में हम भविष्य के श्रेष्ठ और उज्ज्वल भारत की कल्पना करते हैं तो यह निश्चित ही बेमानी है । एक तरफ भारत का पड़ोसी मुल्क चीन है जो अपने यहां की युवा पीढ़ी को इंटरनेट की जद से बचाने और बच्चों को संवारने के लिए नए-नए नियम बना रहा है तो दूसरी तरफ भारत है, जहां इस प्रकार के नियम दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहे कि कैसे बच्चों की पहुंच से इंटरनेट को दूर रखा जा सकता है। यह गौर करने वाली बात है कि विश्वभर में दो देशों भारत-चीन की तुलना लगातार होती है । प्रतिस्पर्धा के स्तर दुनिया में जब भी एशिया की बात आती है और यहां के देशों का परस्पर अध्ययन होता है, जिसमें फिर वह आर्थिक क्षेत्र हो, पॉपुलेशन की बात हो या फिर सभ्यता-संस्कृति, विविधता और विज्ञान की, हर स्तर पर चीन के साथ भारत का तुलनात्मक अध्ययन आपको देखने को मिलेगा, किंतु यदि चीन अपने बच्चों और भविष्य की पीढ़ियों को सुधारने के लिए कोई बड़ा कदम उठाता है तो उसमें भारत इस प्रकार का इनीशिएटिव लेते हुए फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है । भारत ने चीन से आर्थिक विषय में सबक लेकर अपने आयात-निर्यात को सुधारने के लिए खास कदम उठाए हैं। अन्य विषयों पर संवेदनशील और सजगता दिखाई है। बड़ा सवाल यह है कि ऐसी सजगता इस




मामले में क्यों नहीं उठाई? सवाल इसलिए भी यह बड़ा है क्योंकि हमारे बच्चों की यह पीढ़ी ऑनलाइन गेम की आरामतलबी से इतनी गुम होती जा रही है कि वह उससे बाहर ही निकलना नहीं चाहती। दूसरा इसका नकारात्मक पक्ष यह सामने आया है कि इंटरनेट के प्रभाव के चलते बच्चे गलत रास्ते पर जा रहे हैं । आत्महत्या कर रहे हैं । जिद्दी हो रहे हैं। अपने माता-पिता और भाई-बहनों के प्रति हिंसात्मक हो गए हैं। दूसरे देशों में बातचीत करते हैं और घर की जो जानकारी या माता-पिता की व्यक्तिगत, व्यावसायिक या शासकीय जानकारी जो साझा नहीं करने की है, वह भी बातों में आकर उन्हें बता दे रहे हैं, जिन्हें वे सामने से जानते तक नहीं। फिर वे कौन हैं, देश के दुश्मन तो नहीं, यह एक बड़ा खतरा आज हमारे सामने है। देश में कन्वर्जन के लिए भी बच्चों के बीच गेमिंग का उपयोग करते हुए पाया गया है। दूसरी तरफ चीन है जोकि लगातार इस मामले को लेकर सचेत नजर आ रहा है। कई केस स्टडी हमारे सामने हैं। उत्तर प्रदेश के एक केस में 16 साल के लड़के ने अपनी मां की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी क्योंकि वो उसे मोबाइल पर खेलने से रोकती थी। मध्य प्रदेश के सागर में 12 साल के बच्चे ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसी प्रकार से बिहार से खबर आई कि दसवीं क्लास में पढ़ रहे छात्र ने अपनी खुद की किडनैपिंग का ही नाटक रच दिया, पुलिस पूछताछ में पता चला कि उस बच्चे को वीडियो गेम खेलने के लिए महंगा फोन खरीदना था। पंजाब में एक 17 वर्षीय किशोर ने पबजी खेलने के लिए पिता के अकाउंट से 17 लाख रुपये निकाल लिए थे । मोहाली में अपने दादा के बैंक अकाउंट से एक बच्चे ने दो लाख रुपये निकालकर ऑनलाइन गेम में लगा दिए। एक केस में तो फ्री फायर और पबजी में पैसे लगाने के लिए नाबालिग ने अपने चचेरे भाई जो एक बच्चा था उसकी न सिर्फ गला दबाकर हत्या की बल्कि उसे जमीन में दफना भी दिया था। देश भर में आज इस प्रकार के अनेक प्रकरण देखने को मिल रहे हैं। किंतु यह जो इंटरनेट का मायाजाल है और गेम्स के कारण बच्चे बर्बाद हो रहे हैं, इसे चीन ने तो जान लिया और अपने यहां इसके समाधान के उपाय शुरू कर दिए हैं, क्या भारत इसके लिए तैयार है? चीन की इंटरनेट निगरानी संस्था ने बच्चों के ज्यादा समय तक स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर अंकुश लगाने के लिए नियम तैयार किए हैं। चीन अपने साइबर स्पेस प्रशासन (सीएसी) के माध्यम से अपने बच्चों के लिए जो नीति लेकर आया है, उस पर भारत को भी विचार करना चाहिए। यहां 16 से 18 साल तक के बच्चे के लिए इंटरनेट इस्तेमाल के दो घंटे निर्धारित किए गए हैं। आठ से पंद्रह साल आयु वर्ग एक घंटे ही स्मार्टफोन चलाएंगे । आठ वर्ष से कम उम्र के बच्चों को केवल 40 मिनट की अनुमति देना तय हुआ है । चीन ने अपने बच्चों में इंटरनेट के अधिक उपयोग और मोबाइल के दुष्प्रभाव के तौर पर पाया है कि इससे बच्चों की नींद सबसे अधिक प्रभावित हुई, वे सुबह उठने के बाद थकान और सुस्ती महसूस करते हैं । आंखें जल्द बूढ़ी हो रही हैं, पुतलियां सिकुड़ रही हैं। नजरें कमजोर होने से बहुत कम आयु में अधिकांश बच्चों को चश्में लगाए गए हैं। शारीरिक और मानसिक विकास रुक गया है। बच्चों के फोकस, अटेंशन और मेमोरी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने के साथ बच्चों का इंटरेक्शन कम हुआ है। वास्तव में यह चीन अकेले देश के बच्चों की समस्या नहीं है, भारत के बच्चों में भी समान रूप से यही नकारात्मक लक्षण इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से बच्चों में देखे जा रहे हैं। के.पी.एम.जी. फर्म और नॉर्टन लाइफ लॉक इंक की इंडिया डिजिटल वेलनेस रिपोर्ट हमारे सामने है। इस प्रकार की अन्य कई रिपोर्ट भी हैं, जो यह साफ बता रही हैं कि भारत की 50 से लेकर 57 प्रतिशत बच्चों की जनसंख्या ऑनलाइन गेम्स की गिरफ्त में है। यदि सरकार इस दिशा में कोई कड़े कदम नहीं उठाती तो इस साल के अंत तक यह आंकड़ा अनुमानतः 60 प्रतिशत को पार कर जाएगा। इसमें भी चिंता की बात यह है कि बच्चे ज्यादातर शूटिंग वाले गेम्स खेल रहे हैं। इसके कारण से उनके जीवन में हिंसा साफ झलकती है। जिद्दी होने के साथ उनकी आदत में गुस्सैल प्रतिक्रिया शुमार हो गई है। पचास फीसदी माता-पिता अपने बच्चों की इस आदत से परेशान हैं, वह उन्हें कंट्रोल करने में अपने को असक्षम पा रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि चीन की तरह ही भारत भी अपने यहां इस दिशा में कठोर कदम उठाए। यदि हम आज चूक गए तो भारत के सामने भविष्य के अपने युवाओं को लेकर बहुत बड़ा संकट सामने खड़ा है।

**लेखिका, मप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य हैं।**

# आधुनिकता की चाह में भटकते युवा

पिछले दिनों इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक लड़की को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपित की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि ह्यपश्चिमी संस्कृति का पालन करने के परिणामों से अनजान युवा पीढ़ी इंटरनेट मीडिया और फिल्मों आदि पर प्रसारित होने वाले रिश्तों में प्रवेश कर रही है। मुक्त संबंधों के लालच में युवा अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। वे सच्चा साथी तलाशने में विफल रहते हैं। ऐसे रिश्तों में दुष्कर्म, हत्या और रिश्ते में मतभेद पर आत्महत्या के लिए उकसाने जैसे आरोप लगाने के मामले बढ़ रहे हैं। उच्च न्यायालय की यह टिप्पणी एक गंभीर चेतावनी है। इसमें संदेह नहीं कि युवा पीढ़ी प्रेम रूपी पट्टी आंखों पर बांधकर एक अंधेरी गुफा की तरफ बढ़ रही है, जहां सिवाय ठोकर के उसे कुछ नहीं मिलता। प्रश्न यह है कि जो युवा प्रेम और सहजीवन यानी लिव-इन रिलेशनशिप के मार्ग को प्रफुल्लित होकर चुनते हैं, वही समय बीतने पर इससे भागने क्यों लगते हैं? क्यों इन रिश्तों में इतनी कड़वाहट आ जाती है कि एक-दूसरे को अदालत में घसीटने से भी गुरेज नहीं करते? क्या प्रेम वाकई इतना विध्वंसक और घातक है कि श्रद्धा वालकर, निक्की यादव और मेधा तोखी जैसी न जाने कितनी लड़कियां अपने जीवन से हाथ धो बैठती हैं? इनका उत्तर है वर्तमान पीढ़ी जिस तथाकथित प्रेम को सामाजिक क्रांति के रूप में प्रचारित करने का प्रयास कर रही है वह प्रेम नहीं, अपितु दैहिक आकर्षण मात्र है, जो कि किशोरावस्था में होना स्वाभाविक है। वर्ष 2016 में प्रकाशित शोध ह्यसेक्सुअलिटी इन एडोलेसेंस द डिजिटल जेनरेशनह्ण स्पष्ट करता है कि किशोरावस्था में विपरीत लिंग के प्रति आकर्षित होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, परंतु यह ह्यप्रेम और लिप्साह्ण जैसी भावनाओं के मध्य अंतर कर पाने में सक्षम नहीं होता। विज्ञान अपने विभिन्न शोधों से यह चेता चुका है कि किशोरावस्था तक मनुष्य का मस्तिष्क पूर्ण रूप से परिपक्व नहीं होता। मस्तिष्क का अंतिम हिस्सा ह्यप्रीफ्रंटल कोर्टेक्सह्ण के कई कार्यकारी कार्य हैं, जो किशोरावस्था के दौरान निमार्णाधीन रहते हैं। वर्ष 2016 में प्रकाशित शोध पत्र ह्यद इंपार्टेंस आफ सेक्सुअल एंड रोमांटिक डेवलपमेंट इन अंडरस्टैंडिंग द डेवलपमेंट न्यूरोसाइंस आफ एडोलेसेंसह्ण बताता है कि मस्तिष्क का यह भाग किशोरावस्था की समाप्ति तक ही परिपक्व हो पाता है। इसीलिए किशोरावस्था में जोखिम लेने और खराब निर्णय लेने की आशंका बढ़ जाती है। विशेषकर ऐसी स्थिति में जहां त्वरित सुखद अनुभूति की प्राप्ति हो। इस श्रेणी में चरम रूप से दैहिक सुख आता है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह भी है कि प्रेम में पड़ना आधुनिक होने की पहचान के साथ जुड़ चुका है। स्वयं को आधुनिक सिद्ध करने की होड़ में सबसे सहज मार्ग अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनना है। आधुनिकता की यह चाह विवेकशून्यता को जन्म देती है। तथाकथित नारीवादी समर्थकों की दृष्टि में जो कुछ भी पश्चिमी संस्कृति का हिस्सा है, वही सशक्तता का परिचायक है। सशक्तीकरण की इसी छद्म परिभाषा को स्वीकार करते हुए अनेक युवतियां सहजीवन की ओर प्रवृत्त हो रही हैं। भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को रूढ़िवादी मानने वाली मानसिकता आधुनिकता की दौड़ में भाग तो रही है, परंतु उस सत्य से आंखें मूंदे बैठी है जिसे जानना उसके लिए बेहद जरूरी है। वह यह कि भारतीय संस्कृति कभी भी ह्यप्रेम विवाहह्ण के विरुद्ध नहीं रही है, परंतु वह प्रेम की संकीर्ण परिभाषा के विरुद्ध है। जिस प्रेम को अपने जीवन का आदर्श मानकर परिवार और समाज से विमुख हो सहजीवन का मार्ग चुनने के लिए युवा पीढ़ी लालायित दिखती है, उसका प्रथम प्रेरक ह्यमाया नगरीह्ण का वह संसार है, जहां प्रेम को महिमामंडित करके कुछ इस रूप में दिखाया जाता है कि प्रेम की सफलता तभी है जब उसे विद्रोह का लबादा पहनाया जाए। इसमें विद्रूपता यह है कि प्रेम का डंका बजाने वाली यही पीढ़ी अंततोगत्वा सहजीवन को विवाह में परिवर्तित करने की चाह रखती है। मुक्त संबंधों की पैरवी करने वाली लड़कियां अपने सहजीवन साथी पर विवाह का दबाव बनाती हैं। अगर उसमें वे सफल नहीं होतीं तो दुष्कर्म का आरोप लगा उन्हें कारागार तक पहुंचा देती हैं। प्रेम का यह स्वरूप अदालतों के लिए चिंता का विषय बन चुका है। इसलिए युवा पीढ़ी के लिए यह समझना जरूरी है कि प्रेम एक बहुत परिपक्व भाव है, जो समर्पण, दायित्व-निर्वहन और त्याग की आधार भूमि पर खड़ा होता है। वहीं दैहिक आकर्षण अल्पकालिक है, जो देह भोग की प्राप्ति के साथ धीरे-धीरे क्षीण होने लगता है। पुरुष या स्त्री, दोनों के ही भविष्य के लिए देह आकर्षण का मायाजाल और सहजीवन का मार्ग किसी भी स्थिति में सुखकर नहीं होता। सहजीवन की समाप्ति अधिकांश मामलों में दुखदायी होती है। सहजीवन से निकलने के पश्चात स्त्री के लिए जीवन और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। उसके लिए पुनः पारिवारिक जीवन आरंभ करना लगभग असंभव सा हो जाता है। वहीं पुरुष की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं रहती। अगर सहजीवन संगिनी ने उसे अदालत तक घसीट लिया, जो कि अमूमन देखने में आता है तो उसके यह समझना जरूरी है कि जीवन की वास्तविकताएं और फिल्मी दुनिया के किरदारों में बहुत अंतर है। इन सबके बीच अभिभावकों का भी दायित्व है कि जब उनके बच्चे प्रेम में पड़ने का दावा करें तो संयम और धैर्य से उनकी भावनाओं को समझने का प्रयास करें। अभिभावकों का धैर्य और स्नेह यकीनन प्रेम और आकर्षण के मध्य अंतर को समझने-समझाने में सहायक होगा। समय का बहाव प्रेम संबंधों की गहराई को परख सकेगा, जो कि युवा पीढ़ी के सुखद भविष्य के लिए अपरिहार्य भी है।

# जम्मू-कश्मीर में शांति का सूर्योदय

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए हटाए जाने के कल (शनिवार) चार वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। राष्ट्र इसके महत्वपूर्ण परिणाम की व्यापक अनुभूति कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां शांति और विकास का एक नया युग प्रारम्भ हुआ है। श्रीनगर में जी -20 की बैठकें बहुत ही शांत व सुरम्य वातावरण में संपन्न हुई हैं। चीन और पाकिस्तान ने जी -20 की बैठकों में खलल डालने का हर संभव प्रयास किया किंतु वह नाकाम रहे। स्वतंत्रता के बाद श्रीनगर में पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह जम्मू-कश्मीर ही नहीं संपूर्ण भारत के लिए गर्व के पल रहे। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन उड़ान भर रहा है। उत्तरी कश्मीर का बांदीपोर जिला पर्यटन के नए केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है। यहां वुलर झील के किनारे स्थित जुरीगंज हो या फिर गुलाम कश्मीर और जम्मू-कश्मीर को अलग करने वाली नियंत्रण रेखा से सटा गुरेज, पूरे जिले में पर्व जैसा वातावरण है। एक समय इस जिले के जंगलों में आतंकियों ने प्रशिक्षण केंद्र खोल रखे थे और वह हथियारबंद होकर जिले में टहला करते थे। अब वहां पर्यटकों के शिविर लगे हैं। श्रीनगर की डल झील में शिकारे वापस आ गए हैं । जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध हिंदू मंदिरों की घंटियों और आरती के स्वरों से वातावरण पवित्र हो रहा है। 75 वर्षों के सतत उत्पीड़न के पश्चात कश्मीर में हिंदू पर्व फिर मनाए जाने के प्रयास हो रहे हैं। श्रीनगर घाटी में दशहरा धूमधाम से मनाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में सिनेमाघर खुल चुके हैं और फिल्मों की शूटिंग होने लगी है।

**स्कूलों में रौनक:** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद व अलगावाद के कारण 2008 से 2021 तक (इसमें 20-21 का कोविड काल भी है) के लंबे कालखंड में स्कूल-कालेज प्रायः बंद रहे किंतु अब बच्चों के चेहरों पर मुस्कान वापस आ गई है । एक समय वह भी था जब आतंकवादियों के खौफ से स्कूलों में सन्नाटा होता था। जम्मू-कश्मीर का युवा पत्थर और हथियार छोड़ कर विकास की गंगा के साथ खड़ा हो रहा है। वह फुटबाल, क्रिकेट, हाकी और कुश्ती के दांवपेंच सीख रहा है। अनुच्छेद -370 समाप्त होने के बाद यहां पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक और बिना किसी भेदभाव के साथ संपन्न हुए हैं। बदले परिवेश में निवेशक भी यहां निवेश करने के लिए आकर्षित हो रहे हैं।

**आतंकवाद पर नियंत्रण:** कठोर रुख के कारण आतंक समर्थक इको सिस्टम नियंत्रित ही नहीं अपितु कई जिलों में पूरी तरह समाप्त हो चुका है। इसका पता इसी से चलता है कि 2018 में आतंकियों की भर्ती 199 से गिरकर 2023 में 12 रह गई है। 2018 में बंद व हड़ताल की 53 घटनाएं हुई थीं जो 2023 में अब तक शून्य हैं। 2018 में संगठित पत्थरबाजी की कुल घटनाएं 1,769 हुई थीं जो 2023 में अभी तक शून्य हैं। जम्मू-कश्मीर में इस वर्ष 27 से अधिक आतंकी मारे जा चुके हैं। अब केवल बचे-खुचे लोगों की एक भड़ास है जो कभी -कभी फूटती रहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को अनुच्छेद-370 और 35-ए को समाप्त करने पर जम्मू-कश्मीर के परिवारवादी, स्वार्थवादी, अलगाववादी राजनेता जनसभाओं में चेतावनी देते थे कि अगर ऐसा हुआ तो घाटी में कोई तिरंगा फहराने वाला नहीं मिलेगा। आज वह सभी हतप्रभ हैं। अलगावावादी नेताओं, पत्थरबाजों तथा दो -तीन परिवारवादी नेताओं की कश्मीर की धरती से जड़ें हिल गई हैं। जम्मू-कश्मीर में खून की नदियां बहाने की धमकी देने वाले लोगों की आंखें फटी की फटी रह गई हैं। आज पूरे जम्मू-कश्मीर में तिरंगा फहराया जा रहा है। जम्मू ही नहीं अपितु पूरी घाटी में प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हर घर में तिरंगा फहराया गया।

# खत्म हो भेदभाव

तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई जिले में स्थित मरियम्मन मंदिर में बुधवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच दलित परिवारों ने प्रवेश किया और पूजा अर्चना की। सौ साल से भी पुराने इस मंदिर में अब तक दलितों को प्रवेश नहीं दिया गया था। यह मामला पिछले महीने तब तूल पकड़ गया, जब उसी इलाके के एक स्कूल में पढ़ाई करके चेन्नै में काम कर रहे दो युवकों में मंदिर प्रवेश के अधिकार को लेकर सोशल मीडिया पर बहस हो गई। इनमें एक युवक दलित समुदाय का था और दूसरा वन्नियार का। सोशल मीडिया पर चली इस बहस के कारण इलाके में तनाव फैल गया और दलित एवं वन्नियार समुदाय इस सवाल पर आमने सामने हो गए। इसके बाद दलितों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि उन्हें मंदिर में प्रवेश करने दिया जाए। जिला प्रशासन ने दलितों की ओर से घोषित की गई तारीख पर पुलिस बंदोबस्त करके यह सुनिश्चित किया कि इस दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे। अभी तक की जानकारी के मुताबिक, किसी अन्य समुदाय ने इसके खिलाफ किसी तरह का विरोध दर्ज नहीं किया है। लेकिन गौर करने की बात है कि मंदिर में दलितों के प्रवेश को संभव बनाने के लिए इस बार भी भारी पुलिस बंदोबस्त की जरूरत पड़ी। तमिलनाडु में मंदिरों में दलितों के प्रवेश या उस पर रोक के ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। अप्रैल महीने में राज्य के विल्लुपुरम जिले में एक दलित के मंदिर प्रवेश पर उसकी सवर्णों द्वारा पिटाई का मामला सामने आया था। बाद में हालात बिगड़ने पर मंदिर को सील कर दिया गया। यह स्थिति तब है जब राज्य में 1947 का तमिलनाडु टेंपल एंट्री ऑथराइजेशन एक्ट लागू है, जो सभी जाति और वर्ग के लोगों को हिंदू मंदिरों में प्रवेश और पूजा-पाठ करने का अधिकार देता है। यही नहीं, राज्य में पेरियार के नेतृत्व में सामाजिक सुधार के तगड़े आंदोलन का इतिहास भी रहा है और इससे प्रभावित पार्टियों का यहां की राजनीति में दबदबा भी।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हारी हारी सिंधु

**सिडनी ।**

भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु अमेरिकी ओपन में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। सिंधु को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में चीनी मूल की अमेरिकी खिलाड़ी बेवेन झांग ने सीधे गेम में 21-12, 21-17 से हराया। ये मुकाबला आधिक घंटे से कुछ अधिक समय चला। सिंधु अब विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक गयी हैं। सिधु ने यहां अपने ही देश की अष्मिता चालिहा और आकर्षि कश्यप को पहले दो दौर में हराया था पर झांग के खिलाफ वह हावी नहीं हो पायीं। अब वह 21 से 27 अगस्त तक डेनमार्क के कोपेनहेगन में विश्व चैम्पियनशिप खेलेंगी। विश्व चैम्पियनशिप 2019 विजेता सिंधु चोट से उबरने के बाद से ही लय में नहीं हैं। वह इस साल 12 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर टूर्नामेंटों में से सात में शुरुआत में ही बाहर हो गई। साल की शुरूआत में उन्होंने अपना कोच भी बदला था पर उससे भी कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा।



# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पहले मैच में चीन को 7-2 से हराया

**चेन्नई ।**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में चीन को 7-2 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय टीम टीम ने एक मैदान गोल किया जबकि छह गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए हुए। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम बेहतर गोल अंतर के आधार पर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। भारतीय टीम की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह और वरुण कुमार ने दो-दो गोल दागे। करमनप्रीत ने पांचवें और आठवें जबकि सुखजीत सिंह ने 15 वें मिनट में एक गोल किया। आकाशदीप सिंह ने 16 मिनट में एक और गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को बढ़ा दिया। वरुण कुमार ने 19 वें और 30 वें जबकि मनदीप सिंह ने 40 मिनट में एक गोल दागकर भारतीय टीम को अपराजेय बढ़त दिलायी। वहीं चीन की ओर से वहीवेनहुई ने 18 वें और जिशेंग गाओ ने 25 वें मिनट में एक-एक गोल किया। भारतीय टीम के उपकप्तान हार्दिक ने मैच के बाद कहा, 'पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत हैं और हम इस विकल्प का पूरा इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा कि पेनल्टी पर गोल हो रहे हैं, ये हमारे लिए अच्छी बात है। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य पेनल्टी कॉर्नर की दर अच्छी बनाये रखना और कम से कम दो या तीन गोल उसके जरिए करना है। इसके अलावा हमें हर क्वार्टर में अवसर बनाने हैं। भारत को अब शुक्रवार को जापान से खेलना है। उसमें भी टीम जीत के इरादे से उतरेगी।



### संक्षिप्त समाचार



## आरसीबी के नये कोच बने फ्लावर

**बैंगलोर ।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने संजय बांगर की जगह पर जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर को अपना नया मुख्य कोच बनाया है। गत दो वर्षों में लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ काम करने के बाद फ्लावर को आईपीएल में बेंगलुरु की टीम ने अपने साथ जोड़ा है। फ्लावर सुपर जायंट्स में तब शामिल हुए थे जब फ्रेंचाइजी 2022 में अपनी शुरुआत कर रही थी। उन्होंने मेंटर गौतम गंभीर और कप्तान केएल राहुल के साथ मिलकर काम किया और उन्हें पहले दो सत्र में प्लेऑफ़ में पहुंचाया। वहीं जुलाई की शुरुआत में फ्लावर से अलग होने के बाद सुपर जायंट्स ने ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर को अपना मुख्य कोच बनाया था। इस बीच, आरसीबी ने कहा है कि वह माइक हेसन और संजय बांगर से अलग हो गये हैं। हेसन को साल 2019 में आरसीबी टीम प्रबंधन का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया था। हेसन के रहते टीम तीन प्लेऑफ़ में फाइनल तक पहुंची थी। आरसीबी आईपीएल 2023 में शीर्ष 4 स्थान पर पहुंचने में भी सफल नहीं रही। आरसीबी ने एक बयान में कहा कि फ्लावर का आरसीबी पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बहुत उत्साहित हैं। आरसीबी ने यह भी कहा कि दुनिया भर में आईपीएल और टी20 टीमों को कोचिंग देने और पीएसएल, आईएलटी20, द हंड्रेड और अबू धाबी टी10 में अपनी टीमों को खिताब दिलाने का एंडी का अनुभव चैंपियनशिप जीतने वाली मानसिकता विकसित करने और आरसीबी के प्ले बोल्ड दर्शन जैसे नारे को आगे ले जाने में मदद करेगा।

## पांड्या ने बताया हार का कारण



**तरौबा ।** टी20 सिरीज के लिए भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या ने पहले ही टी20 मैच में मेजबान वेस्टइंडीज के हाथों मिली हार पर निराश व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार विकेट खोने से ये हार मिली है। भारतीय टीम को पहले मैच में चार रनों से हार का सामना करना पड़ा था। मैच के बाद पांड्या ने कहा, पूरे खेल के दौरान मैच में हम बने हुए थे। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि टी20 क्रिकेट में अगर आप विकेट खो देते हैं, तो अंत में लक्ष्य का पहुंचना कठिन हो जाता है। जब हमने लगातार कुछ विकेट खो दिए तो मैच हमारे हाथ से निकल गया। कप्तान के अनुसार टीम को उसकी गलतियों के कारण हार का सामना करना पड़ा है। पांड्या ने कहा कि इस मैच में तीन स्पिनरों को शामिल करने का फैसला हलातों को देखते हुए लिया गया था। भारतीय टीम ने इस मैच में कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल को शामिल किया था। वहीं तेज गेंदबाज के तौर पर अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार शामिल थे। पांड्या ने कहा, तीन स्पिनरों को रखना हालात के अनुरूप था। हम चाहते थे कि चहल और कुलदीप एक साथ खेलें और अक्षर रन बनाएं। मध्यम गति के गेंदबाज मुकेश का पदार्पण मैच में अच्छा प्रदर्शन रहा। पांड्या ले बल्लेबाज तिलक वर्मा की भी प्रशंसा की। तिलन ने अपने पदार्पण मैच में ही 22 गेंदों में 39 बनाकर बना दिये।

# इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**लंदन ।**

इंग्लैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा की। हेल्स ने अगस्त 2011 में मैनचेस्टर में टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 11 टेस्ट, 70 एक दिवसीय और 75 टी20 में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर हेल्स की आखिरी प्रभावशाली पारी भी भारत के खिलाफ थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में 47 गेंदों में 86 रन (चार चौके और सात छक्के) की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। हेल्स और जोस बटलर (नाबाद 80) ने एडिलेड में 169 रनों का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 10 विकेट से जीत दिलाई थी। हेल्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। तीनों प्रारूपों में 156 मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने जीवन भर के लिए कुछ यादें और कुछ दोस्त बनाये है। मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का सही समय है। हेल्स ने इंग्लैंड के लिए अपना आखिरी मैच 2022 के टी20 विश्व कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में खेला था। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड की जर्सी में कुछ ऊंचाइयों के साथ नाकामियों को भी अनुभव किया है। इस एक अविश्वसनीय यात्रा के दौरान मुझे बहुत संतुष्टि महसूस हो रही है कि इंग्लैंड के लिए मेरा आखिरी मैच विश्व कप फाइनल जीतना था। हेल्स 2019 में विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम का हिस्सा नहीं थे। ड्रग सेवन से जुड़े मामले में उन्हें 21 दिन के लिए प्रतिबंधित किया गया था और तत्कालीन कप्तान इयोन मोर्गन ने इसे 'पूरी तरह से भरोसा तोड़ने वाला करार दिया था। हेल्स ने हालांकि सफेद गेंद (सीमित ओवरों की क्रिकेट) में इंग्लैंड की टीम को फिर से शीर्ष पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी 92 गेंद की 147 रन की पारी के दम टीम ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट पर 481 रन बनाये थे। यह एकदिवसीय क्रिकेट का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है।

उन्होंने 70 एकदिवसीय में छह शतक और 14 अर्धशतकों की मदद से 37.79 की औसत के साथ 2419 रन बनाये है। इस आक्रामक बल्लेबाज से 75 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 30.95 कर औसत से 2074 रन बनाये।

इस प्रारूप में उन्होंने एक शतक और 12 अर्धशतक लगाया। वह 11 टेस्ट में पांच अर्धशतक की मदद से महज 573 (27.28 की औसत के साथ) रन ही बना सके।

## देश भर में खोलेंगे 1,000 खेलो इंडिया केंद्र : ठाकुर

### 227 केन्द्र पूर्वोत्तर राज्यों में होंगे



**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज कहा कि देख भर में इस साल एक हजार खेलों इंडिया केन्द्र खोल जाएंगे। साथ ही कहा कि इसमें से 227 केन्द्र पूर्वोत्तर राज्यों में खोले जाएंगे। ठाकुर ने कहा कि सरकार का प्रयास देश के हर जिले में एक खेलो इंडिया केंद्र खोलने का है पर पूर्वोत्तर राज्यों में हर जिले में दो केंद्र खोलने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को कई सफलताएं दिलाएं हैं। इसलिए सरकार उस क्षेत्र में खेल संबंधी बुनियादी ढांचे के विकास पर भी विशेष जोर दे रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल बुनियादी ढांचा के विकास के लिए करीब 75 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गयी है जिनमें करीब 520.60 करोड़ रूपये का खर्च आएगा। ठाकुर ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य देश में खेल महाशक्ति के केंद्र हैं और इन्होंने देश को कई अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने कहा कि खेल के राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना के विकास सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य सरकारों की ही है और केंद्र का काम इसमें उनकी सहायता करना है।

## बीसीसीआई ने मीडिया अधिकारों को लेकर जारी की निविदाएं , डिजिटल अधिकारों का बेस प्राइज टीवी रखा

**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आने वाले टूर्नामेंटों के लिए मीडिया अधिकारों को लेकर निविदाएं जारी कर दी गयी हैं। इसमें टीवी से अधिक बेस प्राइज (आधार मूल्य) डिजिटल अधिकारों के लिए रखा है। यह पहली बार हुआ है जब डिजिटल अधिकारों के लिए आधार मूल्य ज्यादा है। बीसीसीआई ने मीडिया अधिकार चक्र के लिए कुल आधार मूल्य को घटाकर 45 करोड़ रुपए प्रति मैच कर दिया है ताकि अधिक समूह सामने आ सकें। डिज्नी और हॉटस्टार ने हाल ही में समाप्त हुए चक्र में प्रति मैच 61 करोड़ रुपए का भुगतान किया था। क्रिकेट में डिजिटल अधिकारों का आधार मूल्य इससे पहले अभी भी टीवी अधिकारों से ज्यादा नहीं रहा है। बीसीसीआई द्वारा जारी निविदा के अनुसार बोर्ड ने पैकेज ए के लिए प्रति मैच 20 करोड़ रुपए का आधार मूल्य निर्धारित किया है, जिसमें भारतीय उपमहाद्वीप के टीवी अधिकार शामिल हैं। वहीं पैकेज बी में वैश्विक डिजिटल अधिकार और शेष विश्व टीवी अधिकार शामिल हैं, जिसका आधार मूल्य 25 करोड़ रुपए प्रति मैच है। वहीं इंडियन प्रीमियर लीग टीवी और डिजिटल अधिकारों का आधार मूल्य 49 करोड़ रुपए और 33 करोड़ रुपये प्रति मैच था। कुछ आईपीएल मैचों वाले विशेष डिजिटल अधिकार पैकेज में प्रति मैच 16 करोड़ रुपए का आधार मूल्य रखा गया था। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि कुछ मीडिया कंपनियों के सामने आने वाली चुनौतियों को देखते हुए, बाजार में सभी प्रमुख खिलाड़ियों की अधिकतम भागीदारी की अनुमति देने के लिए ही आधार मूल्य कम किया गया है। ई-नीलामी 31 अगस्त को शुरू होगी जिसमें डिजनी हॉटस्टार, वायाकॉम 18 और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के बीच टीवी और डिजिटल दोनों अधिकारों के लिए प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है। मीडिया अधिकार निविदा पांच साल (2023-28) के लिए जारी की गई है जिसमें 88 मैच शामिल हैं। प्रति मैच 45 करोड़ रुपए के हिसाब से कुल आधारमूल्य 3,960 करोड़ रुपए आता है। आधार मूल्य कम करते हुए बीसीसीआई ने प्रति मैच 60 करोड़ रुपए या 88 मैचों के लिए 5,280 करोड़ रुपए की सीमा तय की है।

## एशिया कप में खेल सकते हैं राहुल




**मुम्बई ।** बल्लेबाल लोकेश राहुल आजकल रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। अब तक कहा जा रहा था कि वह पूरी तरह से फिट नहीं है और उनका एशिया कप खेलना संदिग्ध है पर अब आई एक रिपोर्ट के अनसार राहुल एशिया कप में खेल सकते हैं। राहुल आईपीएल 2023 में चोट के कारण बाहर हो गए थे। राहुल अगर एशिया कप से पहले वापसी करते हैं तो उनको अपनी लय हासिल करने का अच्छा अवसर भी मिल जाएगा क्योंकि इस बार ये टूर्नामेंट 50 ओवरों का खेला जाएगा। राहुल ने पिछले दिनों स्वयं सोशल मीडिया पर अपनी तैयारी का एक वीडियो भी जारी किया इसमें वे विकेटकीपिंग के साथ-साथ बल्लेबाजी अभ्यास भी करते दिखे। वहीं मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। ऐसे में उनका एशिया कप में भाग लेना संभव नहीं है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा भी चोट के बाद वापसी के लिए तैयार हैं। इन दोनो को ही आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में जगह भी मिली है। एशिया कप के मुकाबले 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में खेले जाने हैं। इसमें कुल 6 टीमें भाग लेंगी। इसमें भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है और दोनों की टक्कर 2 सितंबर को होनी है। राहुल के एकदिवसीय रिकॉर्ड की बात करें, तो उन्होंने अब तक 54 मैच की 52 पारियों में 45 की औसत से 1986 रन बनाये। 112 रन उना सबसे अधिक स्कोर होने के साथ ही स्ट्राइक रेट 87 का है। लिस्ट-ए क्रिकेट में 9 शतक के अलावा 26 अर्धशतक भी उनके नाम हैं। एशिया कप के लिए अगले सप्ताह टीम की घोषणा हो सकती है। इसमें उन्हीं खिलाड़ियों को अवसर दिया जाएगा जिन्हें विश्वकप के लिए टीम में शामिल किया जाएगा।

# वेस्टइंडीज ने पहले टी20 में भारतीय टीम को चार रनों से हराया

### सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

**तरौबा।**

भारतीय क्रिकेट टीम को मेजबान वेस्टइंडीज के हाथों यहां पहले ही टी20 मुकाबले में चार रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में मेजबान टीम के कप्तान कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निकोल्स पूरन के 41 और कप्तान रोवमैन पॉवेल के 48 रनों की सहायता से 20 ओवरों में 149 रन बनाए। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 150 रनों का लक्ष्य मिला जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम 9 विकेट पर 145 रन ही बना पाई। भारतीय टीम की ओर से युवा तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। इसके अलावा अर्शदीप सिंह ने भी कुछ अच्छे शॉट लगाये पर वह टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस जीत के साथ ही मेजबान टीम पांच मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम को सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग 28 ने तेज शुरूआत दी पर स्पिनर जुवेन्द्र चहल ने किंग ओर दूसरे सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स 01 को पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद चहल के साथी कुलदीप यादव ने जॉनसन चार्ल्स को भी तीन रनों पर ही आउट कर दिया। इसके बाद निकोल्स पूरन ने पारी संभाली। पूरन ने 34 गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाक 41 रन बनाए। पूरन को कप्तान हार्दिक पांड्या ने आउट किया। पॉवेल ने सबसे ज्यादा 48 रना बनाये। अपनी पारी में इस बल्लेबाज ने 32 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्के लगाकर 48 रन बटोरे। वहीं शिमरोन हेटमायर ने 10 रनों का योगदान दिया। अंत में होल्डर ने स्कोर को 149 तक पहुंचाया। भारत की ओर से अर्शदीप और चहल ने 2-2 विकेट लिए जबकि पांड्या और कुलदीप को 1-1 विकेट मिला। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत कमजोर रही। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 03 और ईशान किशन 05 शुरुआत में ही आउट हो गये। तब सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने तेजी से खेलते हुए अच्छी साझेदारी बनायी। सूर्यकुमार यादव 21 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। तिलक ने 22 गेंदों पर दो छक्के लगाकर 39 रन बनाए। वहीं कप्तान हार्दिक पांड्या 19 गेंदों पर 19 रन बनाकर आऊट हो गए। बल्लेबाज संजू सैमसन से इस मैच में बड़ी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया। वह 12 गेंदों पर 12 रन बनाकर बदकिस्मती ने रन आउट हो गये। सैमसन ने आउट होने के बाद विकेट लगातार गिरने लगे। बाकि के बचे हुए बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये।




## तमीन ने बांग्लादेश एकदिवसीय टीम की कप्तानी छोड़ी



**ढ़ाका ।** बांग्लादेश के बल्लेबाज तमीम इकबाल ने हाल में संन्यास की घोषणा से पलटते हुए वापसी की थी। तमीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ हार के बाद अचानक ही खेल को अलविदा कह दिया था। वहीं अब इस बल्लेबाज ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा कि वह एकदिवसीय टीम की कप्तानी नहीं करेंगे। तमीम ने कहा, मैंने हमेशा पहले टीम के बारे में सोचा है। टीम की भलाई के लिए ही मेरा मानना है कि मुझे कप्तानी छोड़ देनी चाहिए और एक खिलाड़ी के रूप में ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके साथ ही जब भी अवसर मिले अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने अपने फैसले के बारे में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भी जानकारी दे दी थी और उन्होंने इसे मान भी लिया है। तमीम ने जुलाई में घरेलू सीरीज के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था पर एक दिन बाद ही प्रधानमंत्री के अनुरोध पर उन्होंने अपना फैसला वापस ले लिया था। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच में अपनी टीम की बार के बाद तमीम भावुक हो गये थे। वहीं बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने तमीम के फिट नहीं होने के बाद भी खेलने के लिए आलोचना की थी। वहीं हसीना ने अगले दिन तमीम और नजमुल को अपने आवास पर आमंत्रित किया, जिसके बाद इस क्रिकेटर को संन्यास से वापसी करनी पड़ी।

## टीम इंडिया 200 टी20 मैच खेलने वाली दूसरी टीम बनी




**तरौबा ।** भारतीय क्रिकेट टीम ने मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 में उतरने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इस मैच के साथ ही भारतीय टीम ने अपना 200 वां टी20 मैच खेला है। इस आंकड़े तक पहुंचने वाली वह पहली टीम है। वहीं सबसे अधिक टी20 खेलने का रिकार्ड पाकिस्तान टीम के नाम हैं। उसने अब तक 223 टी20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड टीम इस सूची में तीसरे नंबर पर है उसके नाम 193 जबकि श्रीलंका और वेस्टइंडीज के नाम 179 मैच हैं। ऑस्ट्रेलिया 174, इंग्लैंड 173, दक्षिण अफ्रीका 168 और बांग्लादेश और आयरलैंड के नाम 152 मैच हैं। इस मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मैच में मेजबान टीम को चार रनो से जीत मिली। वहीं भारतीय टीम की कप्तानी हार्दिक पंड्या ने की।



# आलिया भट्ट ने दीपिका पादुकोण के लुक को किया कॉपी

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया है। इस दौरान वो ओवरसाइज्ड ड्रेस में नजर आईं। लेकिन एक्ट्रेस का ये लुक लोगों को कुछ खास पसंद नहीं आया। लेटेस्ट फोटोज को देखने के बाद लोगों ये कह रहे हैं कि आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण का लुक कॉपी किया है। ऋतिक रोशन और प्रीति जिंटा अभिनीत 'कोई मिल गया' जल्द ही अपनी 20वीं सालगिरह मनाएगी। यह फिल्म अपने प्रशंसकों के दिलों में एक खास जगह रखती है। इस विशेष अवसर का जश्न मनाने के लिए, फिल्म निर्माताओं ने 4 अगस्त को 30 शहरों में फिल्म को फिर से रिलीज करने का फैसला किया है। साइंस-फिक्शन ड्रामा को युवा और बुजुर्ग दोनों दर्शकों ने खूब सराहा। बॉलीवुड स्टार रानी मुखर्जी मेलबर्न आईएफएफएम के आगामी भारतीय फिल्म महोत्सव में एक अभिनेता के रूप में अपने करियर और जीवन के बारे में विस्तार से बताते हुए एक मास्टरक्लास देंगी। यह विशेष कार्यक्रम फिल्म महोत्सव के 14वें संस्करण से एक दिन पहले 10 अगस्त को होगा। यह विशेष कार्यक्रम फिल्म महोत्सव के 14वें संस्करण से एक दिन पहले 10 अगस्त को होगा। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुखर्जी अपनी कुछ प्रतिष्ठित भूमिकाओं और फिल्मों के बारे में बात करेंगी और एक अभिनेता के रूप में अपनी कला और अनुभवों के बारे में जानकारी साझा करेंगी।

# एक्ट्रेस अदा शर्मा हुईं बीमार



द केरल स्टोरी फेम एक्ट्रेस अदा शर्मा को फूड एलर्जी और डायरिया के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया है। वह फिलहाल चिकित्सकों की निगरानी में हैं। एक्ट्रेस को अपकमिंग शो कमांडो के प्रोमोशन्स से ठीक पहले मंगलवार को इमरजेंसी में अस्पताल ले जाया गया। उन्हें डायरिया और फूड एलर्जी का पता चला। सूत्र के मुताबिक वह स्ट्रेस हीव्स और डायरिया से पीड़ित हो गईं। फिलहाल, वह निगरानी में हैं। हालांकि अदा को कमांडो का प्रचार करते देखा गया है जहां वह भावना रेड्डी की भूमिका निभा रही हैं। बता दें कि कमांडो नई एक्शन-थ्रिलर सीरीज जल्द ही आने वाली है, और इसमें एक्ट्रेस अदा के साथ मुख्य भूमिका में एक्टर प्रेम हैं। सीरीज द केरल स्टोरी की सफलता के बाद अदा और विपुल अमृतलाल शाह फिर साथ आए हैं। विपुल ने इस सीरीज का निर्देशन किया है। इसमें वैभव तत्ववादी, श्रेया सिंह चौधरी, अमित सियाल, तिग्मांशु धूलिया, मुकेश छाबड़ा और इश्तेयाक खान भी हैं।



# फरदीन और नताशा होंगे अलग-अलग

बालीवुड एक्टर फरदीन खान और उनकी पत्नी नताशा माधवानी में तलाक होने वाला है। फरदीन और नताशा एक साल से ज्यादा समय से अलग रह रहे हैं। एक इंटरव्यू में फरदीन ने कहा था, हम एक परिवार बनाने के लिए बहुत उत्सुक थे, नताशा और मैं, हमारे सामने बच्चे पैदा करने की चुनौतियाँ थीं इसलिए हमें आईवीएफ मार्ग अपनाना पड़ा।

यहाँ मुंबई में डॉक्टरों के साथ हमारा अनुभव बुरा था और नताशा को वास्तव में कष्ट सहना पड़ा, यह शरीर और आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत कठिन है।उन्होंने यह भी कहा था, 2011 में, हम लंदन चले गए, हमें वहां एक बहुत अच्छा डॉक्टर मिला। उनकी शुरुआती गर्भावस्था में से एक में, हमारे जुड़वां बच्चे थे, और उन्होंने छह महीने में उन्हें खो दिया। तो यह बहुत कठिन था हमारे लिए, यह एक कठिन समय था। उसने एक जीवित बच्चे को जन्म दिया, और हमने बच्चों को खो दिया। अंततः हमारी बेटी हुई, उसने हमें बहुत खुशी दी। इसलिए जब आप कुछ इस तरह से गुजरते हैं, तो आप जीवन को और अधिक संजोते हैं गहराई से, इसलिए जब मेरी बेटी का जन्म हुआ तो उसने मुझे खुशी दी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरदीन हॉरर ड्रामा विस्फोट से फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं। फिल्म में रितेश देशमुख, प्रिया बापट और क्रिस्टल डिसूजा भी होंगे। उनके 2005 की हिट फिल्म नो एंट्री के सीक्वल में भी अभिनय करने की खबर है। उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर 2010 में दूल्हा मिल गया में देखा गया था। बता दें कि जहां फरदीन अपनी मां के साथ मुंबई में रहते हैं, वहीं नताशा लंदन में हैं। वह दिग्गज अभिनेता मुमताज की बेटी हैं। फरदीन और नताशा दिसंबर 2005 में शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों एक बेटी डायनी इसाबेला खान और एक बेटे, अजरियस फरदीन खान के माता-पिता हैं।

# भूमि पेडनेकर बोलीं- हर फिल्म में देती हूं अपना 200 प्रतिशत

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी जबरदस्त अदाकारी से इंडस्ट्री में एक अलग जगह बनाई है। भूमि ने हमेशा अपने अभिनय और अपने द्वारा निभाए गए हर किरदार में प्रमाणिकता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। भूमि पेडनेकर इंडस्ट्री में सबसे अधिक डिमांड वाली एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

वहीं भूमि पेडनेकर का कहना है वह अपनी हर फिल्म में अपना 200 प्रतिशत देती है। उन्होंने कहा, मैं काम करने की शौकीन हूं। इसलिए, मैं जो भी फिल्म करती हूं, उसमें अपना 200 प्रतिशत देती हूं। अभिनय एक ख़ास पेशा है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

एक्ट्रेस ने कहा, जब भी मैं किसी फिल्म के सेट पर कदम रखती हूं, मैं कृतज्ञता से भर जाती हूं कि मेरा काम मुझे किसी तरीके से अविस्मरणीय बना देगा। मुझे इस तथ्य से प्यार है कि मैं एक अभिनेत्री हूं, जो अपने जीवन का हर पल कुछ ऐसा कुछ बनाने की कोशिश में बिताती हूं जो हमेशा रहे।

भूमि पेडनेकर ने कहा, मुझे लगता है कि मैं अपनी फिल्मों के जरिए महत्वपूर्ण प्रभाव प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हूं, क्योंकि फिल्में हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। मैं हमेशा से एक ऐसी अभिनेत्री बनना चाहती थी, जिसका मेरी फिल्मों और मेरे द्वारा निभाई गई भूमिकाओं के जरिए सांस्कृतिक प्रभाव पड़े।

भूमि ने कहा, मेरे पास हमेशा ऐसी ही परियोजनाएं होती हैं और मैं ऐसी ही परियोजनाएं चुनुंगी जो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं।' मैं अच्छी तरह से जानती हूं कि मैं अपने काम के जरिए अपने लिए एक विरासत बना रही हूं और मैं स्क्रीन पर जो काम करती हूं उस पर गर्व करना चाहती हूं।



# 'लाइफ लॉजिक नहीं मैजिक का खेल है', अभिषेक बच्चन की 'घूमर' का दमदार ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर की अपकमिंग फिल्म 'घूमर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो दर्शकों को भावनाओं, प्रेरणा और परिवर्तनकारी कहानी कहने की दुनिया की एक झलक पेश करता है। फिल्म का ट्रेलर पहले 3 अगस्त को रिलीज होने वाला था, लेकिन आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई के निधन के बाद इसे पोस्टपोन कर दिया गया था।

अभिषेक बच्चन, सैयामी खेर और निर्देशक आर बाल्की की असाधारण प्रतिभाओं से सजी 'घूमर' भारत में स्पोर्ट्स फिल्म्स के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है। इस फ़िल्म में अभिषेक बच्चन एक कोच का किरदार निभाते नज़र आ रहे हैं, जिसके जीवन में एक अप्रत्याशित मोड़ आता है जब वह एक लकवाग्रस्त खिलाड़ी से मिलते है, जिसका किरदार प्रतिभाशाली सैयामी खेर ने निभाया है।

फिल्म में दोनों को सामाजिक चुनौतियों और व्यक्तिगत संघर्षों के खिलाफ सामना करना पड़ता है। जबकि इसका श्रेय निर्देशक आर. बाल्की को जाता है, जो विशिष्ट कहानी कहने की क्षमता प्रदर्शित करने वाले अद्भुत डायरेक्टर हैं।

अभिषेक और सैयामी का शक्तिशाली प्रदर्शन दर्द, दृढ़ संकल्प और आशा के क्षण प्रदान करता है। निर्देशक आर बाल्की की विशिष्ट शैली उनकी कहानियों को सहजता से बुनती है। साथ ही यह फ़िल्म दर्शकों को एक परिवर्तनकारी यात्रा पर जाने के लिए




आमंत्रित करती है, जो पूर्वकल्पित धारणाओं को चुनौती देती है। 'घूमर' में अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा शबाना आज़मी और अंगद बेदी भी फ़िल्म में अहम किरदार निभा रहे हैं। यह अमिताभ बच्चन की एक कमेंटेटर के रूप में पहली फिल्म है। यह फिल्म शिवेंद्र सिंह और इंवाका दास की भी पहली फिल्म है। फ़िल्म को आर. बाल्की ने डायरेक्ट किया है। वहीं होप प्रोडक्शंस और सरस्वती एंटरटेनमेंट द्वारा इसका निर्माण हुआ है। घूमर 18 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# कार्तिक आर्यन बनें चंदू चैंपियन

कार्तिक आर्यन स्टारर कबीर खान के निर्देशन में बन रहीं अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा चंदू चैंपियन ने अपनी घोषणा के बाद से ही लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। ऐसे में जबकि हार न मानने वाली इस असाधारण रियल लाइफ स्टोरी को देखने का उत्साह तेज है, निर्माता ने फिल्म से चंदू बनें कार्तिक आर्यन का पहला लुक रिवील कर दिया है, जिसे देख वास्तव में लोगों को गर्व महसूस होगा। चंदू के रूप में कार्तिक आर्यन का फर्स्ट लुक आखिरकार सामने आ गया है, जिसमें सुपरस्टार को पूरी तरह से किरदार में डूबा हुआ दिखाया गया है। छोटे बाल और भारत का ब्लेज़र पहने कार्तिक ने फिल्म के लिए पहले कभी न देखा गया लुक अपनाया है। इसने वास्तव में फिल्म की रिलीज के लिए उत्साह को एक पायदान ऊपर बढ़ा दिया है। इस फिल्म की शूटिंग कुछ दिनों पहले लंदन में साजिद और वर्धा नाडियाडवाला की मौजूदगी में शुरू हुई है। फिल्म के मुहूर्त शॉट के दौरान कबीर खान और कार्तिक आर्यन के साथ स्पेशल गेस्ट मिनिस्टर ऑफ कल्चर, मीडिया एंड स्पोर्ट्स आरटी माननीय स्टुअर्ट एंड्रयू भी सेट पर मौजूद थे। बता दें, यह कार्तिक और कबीर की पहली और नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के साथ दूसरी साझेदारी होगी। यह वास्तव में एक बड़ी घोषणा है क्योंकि इंडस्ट्री के तीन दिग्गज एक खिलाड़ी की असल जिंदगी की दिलचस्प कहानी लाने के लिए एक साथ आए हैं। साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, चंदू चैंपियन का निर्देशन कबीर खान द्वारा किया जा रहा हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 जुलाई 2024 को रिलीज होगी।




# दुलकर सलमान को है पंजाबी संगीत से बेहद प्यार

गायक दुलकर सलमान को पंजाबी संगीत से बेहद प्यार है। गन्स एंड गुलालब्स में अपने काम से एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार स्टार दुलकर सलमान का कहना है कि उन्हें पंजाबी संगीत बहुत पसंद है और वह वर्तमान में रैपर एपी ढिल्लों के ट्रैक पर थिरक रहे हैं। दुलकर ने कहा, मैं सभी प्रकार के फेज से गुजरता हूं। अभी मैं दिल्ली में हूं। मैं वास्तव में एपी ढिल्लों से प्यार करता हूं। मुझे अपने कॉलेज के दिनों से ही पंजाबी संगीत से बहुत प्यार है, जब मैंने पहली बार इसे सुना था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यूरो पंजाबी, पंजाबी पॉप उस समय का है जब मैं 2000 के दशक की शुरुआत में कॉलेज में था, मुझे लगता था कि शायद पिछले जीवन में मैं पंजाबी था। लेकिन इसे सुनना हमेशा अच्छा लगता है। अभिनेता ने आगे कहा कि मैं इससे बहुत आसानी से जुड़ जाता हूं। गौरतलब है कि गन्स एंड गुलाब, राज एंड डीके द्वारा बनाई गई एक कॉमेडी क्राइम थ्रिलर श्रृंखला है। यह 18 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। सीरीज में राजकुमार राव, आदर्श गौरव और गुलशन देवैया भी हैं। दुलकर सुपरस्टार ममूटी के बेटे हैं।



# ब्लैक बिकिनी में नजर आई किम कार्दशियन

हॉलीवुड स्टार किम कार्दशियन हमेशा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपनी बोल्ड फोटोज शेयर करती रहती हैं और इनकी तस्वीरें इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल होती हैं। इसी बीच किम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से बाथ लेते हुए की कुछ फोटोज शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर खूब कहर बरपा रही हैं। किम की इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि किम कार्दशियन ब्लैक बिकिनी पहने स्विमिंग करती नजर आ रही हैं। एक अन्य फोटो में बिकिनी पहन वह पानी में खूब गोते लगा रही हैं। नहाने के बाद पूल से बाहर निकल वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री का ये लुक देख उनके फैंस के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस की ये फोटोज इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं।

